

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष -41 ■ अंक-193 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 11 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112




# 25लाख से अधिक किसानों से धान खरीदी 15 नवंबर से

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में फैसला

**रायपुर,10 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में राज्य के किसानों से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। राज्य में 25 लाख से अधिक किसानों से 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से होगी धान खरीदी 15 नवम्बर से प्रारंभ धान के व्यपवर्तन एवं पुर्नचक्रण को रोकने की चौकस व्यवस्था व धान खरीदी हेतु मजबूत प्रशासनिक ढांचा.अधिक पारदर्शिता के साथ किसानों को किया जाएगा समय से भुगतान (6 से 7 दिन के भीतर) टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से होगी ऑनलाईन टोकन की व्यवस्था।

किसानों का मिलेगी सोसायटियों में लंबी कतारों से मुक्ति,राज्य शासन के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ प्रदेश के किसानो से दिनांक 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक धान खरीदी करने का निर्णय लिया गया है। उक्त अवधि में 25 लाख किसानो से 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा तक धान की खरीदी की जावेगी। धान खरीदी में पारदर्शिता को बढावा देने इस वर्ष ई-केवाईसी के माध्यम से, भारत सरकार कृषि मंत्रालय के एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन को अनिवार्य



किया गया है, जिससे किसान की सहीं पहचान हो एवं डुप्लीकेशन/दोहराव न हो। पंजीयन 31 अक्टूबर 2025 तक कराया जा सकता है। डिजिटल क्राप सर्वे के माध्यम से 23 लाख हेक्टेयर रकबे का सर्वे कराया गया है जिसके फलस्वरूप धान के रकबे का ऑनलाईन निर्धारण डिजीटल रूप से सुनिश्चित हुआ है।प्रदेश के 20,000 ग्रामों में दिनांक 02 अक्टूबर से डिजीटल क्राप सर्वे एवं मैन्यूअल गिरदावरी के डेटा को ग्रामसभा में पठन-पाठन कराया जा रहा है। किसानों को बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु टोकन तुहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से ऑनलाईन टोकन की व्यवस्था की गई है इसके तहत किसान स्वयं अपने सुविधा अनुसार दिनों में धान विक्रय किये जाने हेतु टोकन काट सकेगें। वास्तविक किसानों से धान खरीदी सुनिश्चित करने हेतु बायोमैट्रिक आधारित धान की खरीदी की जावेगी। 2739 खरीदी केन्द्रो के माध्यम से धान खरीदी किये जाने हेतु समितियों में समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये है। समितियों को खरीद विपणन वर्ष 2025-26 में शून्य सुखत आने पर 05 रूपये प्रति क्विंटल के मान से प्रोत्साहन दिया जायेगा। धान खरीदी हेतु आवश्यकतानुसार नये एवं पुराने जूट बारदाने की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये है। खाद्य विभाग भारत सरकार द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 हेतु केन्द्रीय पूल में 73 लाख मीट्रिक टन चावल का लक्ष्य दिया गया है। प्रदेश में धान की रिसाईकलिंग रोके जाने एवं बेहतर मॉनिटरिंग व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पहली बार इंटिग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर मार्कफेड कार्यालय में स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिलों में भी कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। धान खरीदी केन्द्रो में बेहतर एवं सुगम व्यवस्था हेतु कलेक्टर द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को खरीदी केन्द्र प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया है। सीमावर्ती राज्यों से खरीदी केन्द्रो धान की आवक रोके जाने हेतु विशेष चेकिंग दल जिलेस्तर पर गठित किये जाने के निर्देश दिये गये है। धान के परिवहन व्यवस्था अंतर्गत मितव्ययता को सुनिश्चित किये जाने हेतु धान के उठाव व परिवहन, भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मारिया कोरिना मचाडो को नोबेल शांति पुरस्कार

**नई दिल्ली,10 अक्टूबर।** नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने मारिया कोरिना मचाडो को नोबेल शांति पुरस्कार 2025 से सम्मानित करने का फैसला किया है. उन्हें यह पुरस्कार वेनेजुएला के लोगों के लिए लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के उनके अथक कार्य और देश में तानाशाही से लोकतंत्र की ओर न्यायपूर्ण तथा शांतिपूर्ण संक्रमण हासिल करने के उनके संघर्ष के लिए दिया गया है. इस घोषणा के साथ ही, डोनाल्ड ट्रंप की नोबेल पुरस्कार जीतने की उम्मीदों को झटका लगा है, जो पिछले कुछ दिनों से इस दौड़ में अपनी दावेदारी पेश कर रहे थे. नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरीना मचाडो ने पिछले एक साल से छिपे हुए जीवन जीने को मजबूर होने के बावजूद अपने संघर्ष को जारी रखा. नोबेल कमेटी ने कहा, "उनके जीवन को गंभीर खतरा होने के बावजूद, वह देश में बनी रहीं. उनका यह चुनाव लाखों लोगों को प्रेरित करने वाला है."



**साहस और संकल्प के प्रतीक**-नोबेल कमेटी ने मचाडो की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि जब सत्तावादी ताकतें सत्ता पर कब्जा कर लेती हैं, तो आजादी के साहसी रक्षकों को पहचानना महत्वपूर्ण है जो उठ खड़े होते हैं और विरोध करते हैं. समिति ने कहा, 'लोकतंत्र उन लोगों पर निर्भर करता है जो चुप रहने से इनकार करते हैं, जो गंभीर जोखिम के बावजूद आगे बढ़ने का साहस करते हैं, और जो हमें याद दिलाते हैं कि स्वतंत्रता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए, बल्कि इसे शब्दों, साहस और दृढ़ संकल्प के साथ हमेशा सुरक्षित रखना चाहिए.'

## संक्षेप

### ईओडब्लू-एसीबी की टीम ने सराफा कारोबारी के घर और दुकान में दी दबिश

**राजनादगांव. 10 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में शुक्रवार सुबह ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. त्योहारी सीजन के बीच सराफा कारोबारी के ठिकानों पर छापा पड़ा है. चार गाड़ी में अधिकारियों की टीम पहुंची है. जानकारी के मुताबिक, ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम ने आज सुबह शहर के जसराज शांतिलाल बैद फर्म के मोहनी ज्वेलर्स में छापेमारी की है. व्यापारी के नंदई चौक स्थित घर और गुड़ाखू लाईन स्थित दुकान में अधिकारियों की टीम पहुंची है. दस्तावेज की जांच की जा रही है.

### कैंसरग्रसित युवक की प्लेन में बिगड़ी तबीयत, माना अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

**रायपुर,10 अक्टूबर।** इंडिगो की दुर्गापुर-मुंबई फ्लाइट में सवार युवक के बेहोश होने पर रायपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई. युवक को तत्काल माना सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. जानकारी के अनुसार, फ्लाइट में सवार पश्चिम बंगाल के वर्धमान निवासी 24-25 वर्षीय गौतम बावरी ब्लड कैंसर का पेशेंट था, जो टाटा मेमोरियल अस्पताल में इलाज के लिए मुंबई जा रहा था. लेकिन अस्पताल में पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई.

### प. बंगाल के मंत्री सुजीत बोस के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता ,10 अक्टूबर ।** कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के नेता और राज्य मंत्री सुजीत बोस के कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई नगर निकायों में भर्ती से जुड़ी कथित गड़बड़ियों की जांच के तहत की गई है। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीमों ने बोस के साल्ट लेक स्थित आवास और कार्यालय के अलावा दमदम नगर पालिका से जुड़े कुछ पूर्व अधिकारियों के घरों पर भी तलाशी ली। जानकारी है कि जांच एजेंसी बोस और दक्षिण दंडम नगर पालिका के उपाध्यक्ष निताई दत्ता की भूमिका की पड़ताल कर रही है। बोस वर्ष 2010 से 2021 तक इस नगर पालिका के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। इससे पहले भी ईडी ने इसी मामले में जनवरी 2024 में उनके आवास पर छापा मारा था और उनसे लंबी पूछताछ की थी। अधिकारियों का कहना है कि ताजा छापेमारी का उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से जुड़े दस्तावेज और साक्ष्य जुटाना है।

### 60 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में राज कुंद्रा ने दिया बयान

**नई दिल्ली ,10 अक्टूबर ।** 60 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी मामले में बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा से लगातार आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) पूछताछ कर रही है। बीते दिन शिल्पा से मामले में 5 घंटे तक उनके घर पर पूछताछ की गई थी, लेकिन अब राज कुंद्रा का जांच के दौरान दिया बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने बताया कि नोटबंदी की वजह से उनका परिवार कर्जे में आ गया।मुंबई पुलिस ने बयान जारी कर बताया कि आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) से पूछताछ के दौरान राज कुंद्रा ने बताया कि नोटबंदी के कारण उनके कारोबार को भारी नुकसान हुआ था।

# नान घोटाला : हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच की याचिकाओं को किया निराकृत

**बिलासपुर,10 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 2015 के चर्चित नान घोटाले की सीबीआई से जांच करने संबंधी याचिकाओं को निराकृत किया. अब जिन लोगों की नान घोटाले में भूमिका होने के बाद भी एसीबी ने चालान नहीं किया, अब उनके खिलाफ विचारण न्यायालय में आवेदन लगाया जा सकेगा. इसके साथ धरमलाल कौशिक के द्वारा एसआईटी जांच के खिलाफ लगाई गई याचिका को वापस लेने की अनुमति दी. गौरतलब है कि नान घोटाले से संबंधित याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण करीब 4 साल से इन याचिकाओं की सुनवाई नहीं हो पा रही थी. सितंबर के महीने में सुप्रीम कोर्ट से संबंधित सभी मामलों का निराकरण होने के बाद आज हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस पीपी साहू की विशेष खंडपीठ में इन जनहित याचिकाओं के साथ अन्य याचिकाओं पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने इस बात को नोट किया कि केवल 'हमर संगवारी' एनजीओ और अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव द्वारा लगाई गई जनहित याचिकाओं में ही अधिवक्ता या याचिकाकर्ता अदालत में उपस्थित हैं. इसके अलावा अन्य याचिकाओं की तरफ से कोई उपस्थित नहीं हुआ. वहीं भारतीय जनता पार्टी के नेता धरमलाल कौशिक की ओर से अधिवक्ता गैरी मुखोपाध्याय उपस्थित थे. राज्य सरकार की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिल्ली से अधिवक्ता अतुल झा ने कोर्ट को बताया कि 10 सालों में इस मामले में ट्रायल कोर्ट में 224 में से 170 गवाहों की गवाही हो चुकी है, और मामला अब अपने अंतिम चरण की ओर जा रहा है. खंडपीठ ने अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव से याचिकाकर्ता की भूमिका पर सवाल किए और पूछा कि उनका इस मामले से क्या संबंध है. अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने जवाब में अपनी जनहित याचिका के बारे में बताते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों का चालान हुआ है, या जिनका विचारण चल रहा है, उस पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, बल्कि वे उसका समर्थन करते हैं.

# पीएम मोदी की पहल से मिज़ोरम पहुंची राजधानी एक्सप्रेस

**नई दिल्ली,10 अक्टूबर।** मिज़ोरम, जो अब तक देश के रेल मानचित्र पर नहीं था, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की मुख्यधारा से मजबूती से जुड़ चुका है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 13 सितम्बर को बैराबी-सैरांग रेल लाइन के उद्घाटन के बाद मिज़ोरम को उसकी पहली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन मिली है, सैरांग-आनंद विहार टर्मिनल राजधानी एक्सप्रेस। यह ऐतिहासिक कदम न सिर्फ़ मिज़ोरम के लोगों के लिए एक नई शुरुआत है, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र की प्रगति और समावेशी विकास की दिशा में मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

### 155% से अधिक यात्रियों की रिकॉर्ड बुकिंग

प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन के बाद इस रेल सेवा को आम जनता के लिए 19 सितम्बर से शुरू किया गया। यह ट्रेन सैरांग से आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) के बीच चलती है। शुरुआत के कुछ ही दिनों में इस ट्रेन ने यात्रियों का दिल जीत लिया है, ट्रेन की औसत यात्री भराव दर 155% से अधिक दर्ज की गई है। ट्रेन संख्या 20507 (सैरांग–आनंद विहार टर्मिनल) में 162.5% तक यात्री भरे, जबकि वापसी सेवा 20508 (आनंद विहार–सैरांग) में 158.3% की अभूतपूर्व ऑक्यूपेंसी दर्ज हुई। यह आंकड़े मिज़ोरम की जनता के लंबे समय से चले आ रहे रेल कनेक्टिविटी के सपने के प्रति उनके उत्साह और आभार को स्पष्ट करते हैं।

### 18 प्रमुख स्टेशनों से होकर गुज़रेगी राजधानी एक्सप्रेस

यह नई राजधानी एक्सप्रेस मिज़ोरम के सैरांग से दिल्ली तक की यात्रा में 18 प्रमुख स्टेशनों पर ठहरती है, जिनमें बैराबी, हैलाकांडी, बदरपुर, न्यू हाफलांग, होजई, गुवाहाटी, रंगिया, बारपेटा रोड, न्यू बोंगाईगांव, न्यू कूचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, मालदा टाउन, साहिबगंज, भागलपुर, जमालपुर, पटना, डी.डी. उपाध्याय जंक्शन और कानपुर सेंट्रल जैसे स्टेशन शामिल हैं।

### समय और संचालन

- सैरांग-दिल्ली (ट्रेन संख्या 20507) हर शुक्रवार शाम 4:30 बजे सैरांग से रवाना होती है और तीसरे दिन सुबह 10:50 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचती है।
- दिल्ली-सैरांग (ट्रेन संख्या 20508) हर रविवार शाम 7:50 बजे आनंद विहार से प्रस्थान करती है और तीसरे दिन दोपहर 3:15 बजे सैरांग पहुंचती है।




### पूर्वोत्तर के लिए मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि

यह परियोजना न केवल मिज़ोरम, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक महत्व रखती है। बैराबी-सैरांग रेल लाइन के पूरा होने से मिज़ोरम अब सीधे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के विज़न के तहत यह कनेक्टिविटी पूर्वोत्तर के आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विकास को नई दिशा देगी। मिज़ोरम के लोगों के लिए यह केवल एक रेल सेवा नहीं, बल्कि दशकों पुराने सपने की साकार परिणति है, वह सपना जिसमें उन्होंने अपने राज्य को भारत की तेज़ी से विकसित हो रही मुख्यधारा का हिस्सा बनने की आकांक्षा देखी थी।

### पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो अपराधी घायल

**रांची ,10 अक्टूबर ।** झारखंड की राजधानी रांची के खलारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह पुलिस और कुख्यात अपराधी राहुल दुबे गैंग के बीच मुठभेड़ हुई है। दोनों ओर से चली गोलीबारी में गैंग के दो अपराधी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मौके से कुल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस का जखीरा बरामद किया है। रांची एसएसपी राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गिरोह के सदस्य खलारी इलाके में किसी बड़ी आपराधिक वारदात की योजना बना रहे हैं।



**छत्तीसगढ़ में अजब प्रेम की गजब कहानी**

# 30 साल की युवती को 70 साल के बुजुर्ग से हुआ प्यार, मंदिर में रचाई शादी

**बिलासपुर,10 अक्टूबर**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक अजब-गजब मामला सामने आया है, जहां 70 साल के बुजुर्ग और 30 साल की युवती ने प्रेम विवाह किया है. पूरा मोहल्ला इसका साक्षी बना है. विधि विधान के साथ सात फेरे लेकर दोनों ने अपने प्यार को नई पहचान दी है. इस वाक्ये ने सबको हैरान भी कर दिया है.दरअसल, मामला सरकंडा के चिंगराजपारा अटल आवास क्षेत्र का है. जहां 70 वर्षीय दादू राम गंधर्व का दिल वहीं मोहल्ले में रहने वाली 30 वर्षीय युवती पर आया. युवती ने भी दादू राम के प्यार को स्वीकार किया. प्यार परवान चढ़ा. दोनों ने शादी करके साथ जीवन बिताने का फैसला लिया. फैसले को हकीकत में बदलने का दिन आया. आज दोनों ने पूरे विधि विधान से शादी की. मोहल्ले के शिव मंदिर में भगवान को साक्षी मानते हुए दोनों ने सात फेरे लिए. वरमाला, सिंदूर के साथ शादी की सभी रस्म अदायगी की.खास बात ये भी है कि, दोनों के इस अजब गजब प्रेम विवाह का पूरा मोहल्ला साक्षी बना. बाकायदा बाजे गाजे के साथ नाच गाकर मोहल्ले के लोग शादी में शरीक हुए और दोनों को नव दांपत्य जीवन की बधाई दी. बताया जा रहा है कि दादू रोजी मजदूरी का काम करता है. 70 के उम्र में बुजुर्ग दादूराम और 30 के उम्र की युवती, दोनों की दीवानगी और प्रेम गजब है. इस अजब गजब शादी से लोग हैरान जरूर हैं,

### मुख्य बिंदु

- **स्थान:** बिलासपुर के सरकंडा क्षेत्र के चिंगराजपारा अटल आवास कॉलोनी में हुआ मामला।
- **शादी के जोड़े:** 70 वर्षीय दादू राम गंधर्व और 30 वर्षीय युवती ने प्रेम विवाह किया।
- **प्रेम कहानी:** दोनों एक ही मोहल्ले में रहते थे, वहीं पर आपसी प्रेम पनपा।
- **शादी का आयोजन:** शिव मंदिर में विधि-विधान से सात फेरे लेकर विवाह संपन्न किया गया।
- **मोहल्ले की भागीदारी:** पूरे मोहल्ले ने शादी में बाराती बनकर शामिल होकर नाच-गाना किया और बधाइयाँ दीं।

# चिराग पासवान 25 सीट पर राजी?

पटना,10 अक्टूबर। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर एनडीए में बड़ी सहमति बनती दिख रही है। पिछले कुछ दिनों से खबरें थीं कि चिराग पासवान अड़े हुए हैं और 40 विधानसभा सीटों से कम पर राजी नहीं हैं। अब सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि वह 25 सीट पर सहमत हो सकते हैं। इसकी एवज में उन्हें भाजपा से केंद्र से लेकर बिहार सरकार तक में ज्यादा महत्व और मंत्रालय दिए जाने का भरोसा मिला है। इसके अलावा उनकी पार्टी को एक राज्यसभा सीट भी ऑफर की जा सकती है। भाजपा की ओर से मिले इस भरोसे के बाद चिराग पासवान 25 सीटें लड़ने पर ही राजी हो सकते हैं। इसके संकेत चिराग पासवान के बयान से भी मिल रहे हैं। चिराग पासवान का कहना है कि एनडीए में सब ऑल इज वेल है और जल्दी ही सीट बंटवारे को लेकर ऐलान हो जाएगा।



फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा जा रहा है, लेकिन यह माना जा रहा है कि 25 सीटों पर चिराग राजी हो सकते हैं। गुरुवार को दोनों पक्षों की ओर से मीटिंग हुई थी, जिसमें भाजपा और एलजेपी के कई नेता दिन भर मौजूद रहे। इस मीटिंग में नित्यानंद राय के अलावा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे। चिराग पासवान का इन मीटिंगों के बाद ही कहना है कि सब कुछ अच्छा चल रहा है और चीजें फाइनल स्टेज में हैं। दरअसल बिहार में 6 और 11 नवंबर को मतदान होना है। ऐसे में भाजपा चाहती है कि उसके उम्मीदवारों को कम से कम 20 दिनों का टाइम कैंपेन के लिए मिले। इसीलिए गठबंधन में जल्दी ही सीट बंटवारे पर जोर दिया जा रहा है। जीतनराम मांझी, चिराग पासवान जैसे सहयोगी दलों को साधने में भाजपा उलझी हुई है। वहीं महागठबंधन में भी आरजेडी, कांग्रेस के बीच कम तनाव नहीं है। चिराग पासवान का कहना है कि हमारा स्ट्राइक रेट लोकसभा चुनाव में काफी अच्छा रहा है। इसलिए ज्यादा सीटें दी जाएं। चिराग पासवान के बारे में कहा जा रहा है कि वह मुख्यमंत्री बनने की भी आकांक्षा रखते हैं।

एक नजर

### 12 लाख की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 10 अक्टूबर।** भिलाई पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 12 लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है पद्मनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे प्रार्थी गोवर्धन प्रसाद साहू निवासी हनोदा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी विजय कोसरे के द्वारा ट्रेडिंग कंपनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर उससे 12 लाख 50 हजार रुपए चेक के माध्यम से अलग-अलग दिनांक पर लेकर धोखाधड़ी की गई है शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया था पुलिस ने आरोपी विजय कोसरे निवासी ग्राम उमरपोटी को गिरफ्तार किया है पुलिस ने साइबर सेल की मदद से आरोपी के मोबाइल नंबर को ट्रेस कर उसे पकड़ा है।

### पीड़िता ने थाने में की शिकायत



**भिलाई, 10 अक्टूबर।** भिलाई मोहन नगर पुलिस ने बताया कि पीड़िता मोहन नगर थाने में उपस्थित होकर लिखित आवेदन दी कि वह जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश की रहने वाली है जो कि नवरात्रि में मैहर घूमने जाने के नाम पर घर से निकली थी मेला खत्म होने के बाद कटनी स्टेशन पर यात्री प्रतीक्षालय में प्रीति नाम की महिला से उसकी जान पहचान हुई वह अपने साथ काम करने एवं काम दिलाने के नाम पर उसे दुर्ग लेकर आई इसके बाद आरोपी महिलाओं ने पीड़िता का नहाते हुए फोटो खींचकर फोटो को अन्य लोगों के पास भेज दिया और घर-घर बंधक बनाकर लोगों से अवैध संबंध बनाने के लिए कहती थी मना करने पर जबरदस्ती अलग-अलग लोगों से शारीरिक संबंध स्थापित करवाती थी ।

### स्कूटी सवार चेन छीनकर फरार

**भिलाई, 10 अक्टूबर।** भिलाई सुपेला पुलिस ने बताया कि प्रियदशर्नी परिसर ईस्ट सुपेला निवासी लता देवांगन (58 साल ) अपने घर का कचरा फेकने घर के सामने जा रही थी तभी एक लड़का स्कूटी से सुपेला चौक तरफ से प्रार्थिया के पास आया और सुपेला किस तरफ पड़ता है पूछने लगा तो प्रार्थिया उसे सुपेला चौक के तरफ इशारा की इतने में वह बातों में उलझा कर गले में पहने सोने का चेन खींचकर भाग गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है ।

### मृतकों के परिजनों को मिली 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग, 10 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पतोरा थाना उतई तहसील व जिला दुर्ग निवासी श्री मानस साहू की विगत 08 मई 2025 को नहाते वक्त तालाब में डूब जाने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार ग्राम सिल्ली तहसील धमधा जिला दुर्ग निवासी श्री ओंकार लोधी की विगत 10 फरवरी 2024 को नहाते वक्त नदी में डूब जाने से मृत्यु हो गयी थी। ग्राम सिकोला तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी श्री कमल बंजारे की विगत 20 जुलाई 2024 को नहाते वक्त बांध में डूब जाने से मृत्यु हो गयी थी।

कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. श्री मानस साहू के पिता श्री अनूप कुमार साहू को, स्व. श्री ओंकार लोधी की पत्नी श्रीमती बेना बाई पटेल एवं स्व. श्री कमल बंजारे की पत्नी श्रीमती किसन बाई को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई

# हिर्री डोलोमाइट खदान को पांच सितारा रेटिंग मिलने पर सीएम ने किया सम्मानित



**भिलाई, 10 अक्टूबर।** बीएसपी की हिर्री डोलोमाइट खदान ने उत्कृष्ट खनन कार्य, पर्यावरणीय प्रबंधन और सुरक्षा मानकों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पाँच सितारा रेटिंग का गौरव प्राप्त किया है। यह सम्मान संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ माइनिंग कॉन्क्लेव 2025 के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीएसपी को पाँच सितारा रेटिंग अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया। बीएसपी की ओर से यह सम्मान कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरि ने ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहरवार, मुख्य महाप्रबंधक सह अभिकर्ता हिर्री खदान चिंतला श्रीकांत, महाप्रबंधक राजहरा खदान जयप्रकाश, उपमहाप्रबंधक सह खदान प्रबंधक सोमनाथ कुमार सिंह तथा मास्टर ओ.सी.टी. पी.पी.एस. सहगल उपस्थित रहे।

# सांकरा में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता एवं सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम आयोजित



**पाटन,10 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता एवं सामाजिक अंकेक्षण 2025 के तहत सांकरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं युवा सरपंच रवि सिंगौर, शाला समिति के अध्यक्ष तुलाराम सिंगौर, उपाध्यक्ष कामता सिंगौर, उपसरपंच रामशरण बंधे, संजय सिंगौर, सांसद प्रतिनिधि मनहरण सिंगौर, नेहरू तुरकाने, पंच महेंद्र पारधी, संजय कोसले और नरेन्द्र गायकवाड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए समुदाय और शिक्षकों की सहभागिता आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालयों के विकास, संसाधनों की उपलब्धता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान पर चर्चा की गई।

# साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए विवि में शुरू हो एक्सपर्ट कोर्स: रिकेश



**भिलाई, 10 अक्टूबर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की 63वीं बैठक में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने साइबर अपराध नियंत्रण से संबंधित नए कोर्स प्रारंभ करने का सुझाव दिया। सेन ने कहा कि विश्वविद्यालय में साइबर एक्सपर्ट कोर्स प्रारंभ होने से न केवल मीडिया क्षेत्र के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा, बल्कि पुलिस विभाग को भी साइबर अपराधों की रोकथाम और जांच में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में इस क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित करना समय की आवश्यकता है। बैठक में 62वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन प्रतिवेदन, एक लाख से अधिक राशि के भुगतान के कार्योत्तर अनुमोदन, प्रशासनिक एवं अध्ययनशालाओं के उपयोग हेतु दो लैपटॉप और पाँच कंप्यूटर सिस्टम की खरीद की स्वीकृति, चुनौती मूल्यांकन उपसमिति की रिपोर्ट का अनुमोदन तथा षष्ठम् दीक्षांत समारोह के आयोजन पर चर्चा की गई।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न शालाओं का किया औचक निरीक्षण

**दुर्ग, 10 अक्टूबर।** जिले के शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा ने आज विकासखण्ड धमधा एवं दुर्ग के विभिन्न शालाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमधा में शालेय समय पर अधिकांश शिक्षक/कर्मचारी क्रमशः श्रीमती मजूला गजभिये, श्रीमती हीना कौसर, श्रीमती तरूलता सिन्हा, व्या. एल.बी श्री गोविन्द कुमार सहायक शिक्षक एल.बी., श्रीमती सीमा जैन, सहायक ग्रेड-02, श्रीमती सुधा शर्मा, सहायक ग्रेड-03 अनुपस्थित पाये गये। प्रार्थना के दौरान शिक्षक स्टाफ एवं छात्र-छात्रांए कभी भी आते जाते पाये गये। शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं पर आने जाने का कोई भी समय निर्धारित नही होने से प्राचार्य श्री जोगेन्द्रर खनिजों एवं अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया हैं। सेजेस हिन्दी माध्यम शास.उ.मा.वि. कन्या धमधा का निरीक्षण के दौरान श्रीमती किरण वर्मा व्या. एल.बी. अनुपस्थित पाये गये साथ ही भौतिक/रसायन शास्त्र में प्रायोगिक कार्य अपूर्ण पाया गया जिसके कारण प्राचार्य श्रीमती सरिता लिखारे को नोटिस जारी किया गया हैं। कालखण्ड अनुसार प्रायोगिक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धमधा का निरीक्षण के दौरान श्रीमती सूजिता ताम्रकार, श्री विष्णु प्रसाद माली, श्रीमती अंजली कुलकर्णी, शिक्षक एल.बी. अनुपस्थित पाये गये जाने के कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया हैं।

# आयुक्त ने दिए निर्देश,त्योहारी सीजन में सुचारू रहे आवागमन व मार्केट व्यवस्था



**भिलाई, 10 अक्टूबर।** आगामी दीपावली और छठ पर्व के दौरान शहर में यातायात और बाजार व्यवस्था बाधित न हो, इसके लिए नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय की अध्यक्षता में निगम सभागार में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, एएसपी (यातायात) ऋचा मिश्रा, अपर आयुक्त राजेंद्र दोहरे, सीएसपी छावनी हरिश पाटिल, थाना प्रभारीगण तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अजय भसीन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त पांडेय ने निर्देश दिए कि त्योहारी सीजन के दौरान यातायात सुचारू रहे और नागरिकों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए पार्किंग, सुरक्षा और सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लाल मैदान, दुर्गा पंडाल मैदान, गणेश पंडाल मैदान तथा फल मंडी के पीछे पानी टंकी मैदान को पार्किंग स्थल के रूप में उपयोग करने की स्वीकृति दी। शहर में दो स्थानों – संजय नगर मैदान और पावर हाउस मैदान – पर पटाखे दुकानों की अनुमति दी जाएगी। दुकानों के बीच नियमानुसार दूरी रखी जाएगी और अवैध रूप से संचालित दुकानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक अतिक्रमण कर रहे अवैध दुकानदारों पर प्रतिदिन 5000 रु का जुर्माना लगाया जाएगा। आयुक्त ने पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त टीम को निःशुल्क पार्किंग व्यवस्था, शहर की प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने और सीसीटीवी कैमरों के रखरखाव के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्रों में डस्टबिन की पर्याप्त व्यवस्था और नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए ताकि शहर स्वच्छ और व्यवस्थित बना रहे।

# आयुक्त ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण,अवैध गैस एजेंसी हटाने के दिए निर्देश



**भिलाई, 10 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जोन-04 शिवाजी नगर अंतर्गत विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रीराम चौक क्रिकेट मैदान, बीएसपी गर्ल्स स्कूल, बालाजी नगर नाला, खुर्सीपार मिनी स्टेडियम और इंडोर स्टेडियम का जायजा लिया। आयुक्त के साथ जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त पांडेय ने श्रीराम चौक क्रिकेट मैदान के बाहर पेवर ब्लॉक व्यवस्थित कराने और सड़क किनारे शोभायमान पौधों के रोपण के निर्देश दिए। बीएसपी गर्ल्स स्कूल परिसर का अवलोकन करते हुए उन्होंने मैदान के समतलीकरण और सौंदर्यीकरण, साथ ही लाइटिंग व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा, ताकि नागरिक रात्रिकालीन वॉकिंग एवं व्यायाम कर सकें। उन्होंने कहा कि यह मैदान मिलिट्री, पैरामिलिट्री और पुलिस भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए उपयुक्त स्थल होगा। इसके लिए लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक एवं रनिंग की सुविधाएं विकसित करने निर्देश दिए। अमृत मिशन के तहत निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पानी टंकी का भी निरीक्षण किया गया, जिससे खुर्सीपार क्षेत्र को मार्च तक बेहतर पेयजल सुविधा मिलने की उम्मीद है। बालाजी नगर नाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा दृष्टि से ढके स्लैब और खंभों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। खुर्सीपार मिनी स्टेडियम में दुकानों के संचालन हेतु नियमों में संशोधन कर नई अभिरुचि अभिव्यक्ति जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब दुकानों के लिए केवल किराया लिया जाएगा, प्रीमियम राशि नहीं – ताकि दुकानों से निगम को आय प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान एक अवैध रूप से संचालित गैस एजेंसी पाई गई, जिसे आयुक्त के निर्देश पर तत्काल हटवाया गया। उन्होंने खुर्सीपार इंडोर स्टेडियम के संधारण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। इस अवसर पर आयुक्त ने पेंशन सत्यापन कार्य का भी निरीक्षण किया और बेनेफिशरी सत्यापन ऐप से एक बुजुर्ग महिला का पेंशन सत्यापन स्वयं करवाया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय कुमार वर्मा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, विजेंद्र परिहार, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी एवं स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव उपस्थित रहे।



करवाचौथ पर्व में करवा ,चलनी की बिक्री से बाजार में दिखी रौनक

**कवर्धा।** सुनीता कुंभकार ने बताया की एक जोड़ी करवा साठ रुपया में चलनी 50 रुपया और बीस रुपए दर्जन दिया बिक रही है । थोड़ी सी बारिश के कारण पिछले साल की तुलना में बिक्री कम हुई है लेकिन ग्राहक करवा , चलनी खरीदने पहुंच रहे है मार्केट में रौनक दिख रही है । ऐसा कह सकते है की करवा , चलनी की बिक्री से दुकानदारों में खुशी दिख रही है ।

# पुलिस ने अभियान चलाकर 438 किलो गांजा पकड़ा



**दुर्ग,10 अक्टूबर।** दुर्ग पुलिस ने माहभर में विशेष अभियान विश्वास चलाकर नशा की तस्करी में लिप्त तस्करों एवं विक्रेताओं के खिलाफ लगातार एक्शन चलाकर कार्रवाई की। इस अवधि में 22 मामलों में 438.748 किलोग्राम गांजा पकड़ा है। इसमें गांजे के तस्करी एवं विक्रय के 22 आरोपी पकड़े गए इनमें 06 आरोपी दीगर प्रांत के हैं। इस वर्ष जिले में पहली बार अफीम के 3 आरोपी भी पकड़े गए। इनमें 2 आरोपी पंजाब के रहने वाले है। हेरोईन के 03 प्रकरण में 33 आरोपी पकड़े गए इनमें थाना मोहन नगर के प्रकरण में 246 ग्राम चिट्टा के साथ अभी तक कुल 30 आरोपी पकड़े जा चुके है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि जिला पुलिस दुर्ग ने 1 सितंबर 2025 से विशेष अभियान विश्वास चलाकर नशाखोरी में लिप्त नशा तस्करों एवं विक्रेताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है इस कार्रवाई के तहत लगभग 84.77 लाख रुपए के नशीली दवाएं एवं टैबलेट्स तथा गांजा एवं चिट्टा पकड़ा गया है। थाना कुम्हारी में एक कंटेनर में तस्करी करते हुए 388 किलोग्राम गांजा पकड़ा तथा उनके साथ महाराष्ट्र के दो अंतर्राज्यीय तस्कर एवं ड्राइवर पकड़े गए। इसी तरह पंजाब के चार तस्करों के साथ 246 ग्राम चिट्टा थाना मोहन नगर क्षेत्र में पकड़ा गया और उसके गैंग में शामिल छोटे बड़े सभी विक्रेताओं को 30 की संख्या में पकड़ा गया है। इस प्रकरण में आगे भी गिरफ्तारी होना संभावित है। श्री राठौर ने बताया कि इसी अभियान में 16 सितंबर को विशेष अभियान चला कर एक ही दिन में एनडीपीएस के 17 प्रकरण में 19.531 किलोग्राम गांजा तथा 106 नग टैबलेट्स/सीरप पकड़ा गया। साथ ही नशीली दवाओ एवं सिरींज के लिए भी पुलिस की टीम लगातार लगी रही तथा कुख्यात तस्कर वैभव खंडेलवाल से हजारों की संख्या में अल्प्राजोरम के टैबलेट बरामद किया गया तत्पश्चात थाना दुर्ग कोतवाली में 10000 से ज्यादा नशीली दवाओं के टेबलेट एक साथ बरामद किए गए।

## समाचार संक्षेप

### वूमन फॉर ट्री योजना के तहत महिला स्व-सहायता समूहों को दिया गया प्रशिक्षण



**भिलाई, 10 अक्टूबर।** केंद्र सरकार की अमृत मित्र 2.0 योजना अंतर्गत संचालित वूमन फॉर ट्री कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने हेतु नगर पालिक निगम भिलाई में महिला स्व-सहायता समूहों को प्रशिक्षण दिया गया। योजना के तहत प्रत्येक महिला को 100 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। सफलतापूर्वक पौधारोपण करने पर प्रति महिला को 8,000 रु मानदेय तथा जियो टैगिंग के लिए अतिरिक्त 1,000 रु केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए जाएंगे। निगम में इस योजना की शुरुआत 8 अगस्त से की गई है। महिलाओं की मानदेय भुगतान संबंधी मांगों पर चर्चा एवं मार्गदर्शन हेतु निगम सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर योजना के नोडल अधिकारी सह अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा और उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू उपस्थित रहे

### रणनीतिक नेतृत्व पर बीएमडीसी में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया



**भिलाई, 10 अक्टूबर।** भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र में एलिवेटिंग एग्जीक्यूटिव प्रेजेंस फॉर स्ट्रैटेजिक लीडरशिप विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 7-8 अक्टूबर को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्त रहे। उन्होंने नेतृत्व में आत्मविश्वास और संयम के महत्व पर बल दिया। तकनीकी सत्रों का संचालन पूर्व निदेशक एस.पी.एस. जग्गी ने किया, जिन्होंने कार्यकारी उपस्थिति, संप्रेषण और भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में हुआ तथा अभिनव विश्वकर्मा ने समन्वय किया।

### कुर्की करने के बाद जमा की गई बकाया संपत्ति कर राशि



**भिलाई, 10 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-4 शिवाजी नगर क्षेत्र के वार्ड 40 में स्थित रामाधार सिंह की दुकान पर बकाया संपत्ति कर राशि जमा न करने पर निगम की कुर्की टीम ने 7 अक्टूबर को दुकान सील की थी। निगम के अनुसार, दुकान स्वामी रामाधार सिंह द्वारा 9 अक्टूबर को बकाया संपत्ति कर की राशि 82,051 रु निगम कोष में जमा कर रसीद प्रस्तुत की गई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने सभी बकायेदारों से अपील की है कि वे संपत्ति कर और जलकर राशि नियत समय में जमा करें, ताकि कुर्की जैसी कार्रवाई से बचा जा सके।

### नया जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कौन बनेगा ,चर्चा शुरू

**कवर्धा,10 अक्टूबर।** वर्तमान जिला अध्यक्ष होरी राम साहू, श्रीमती सीमा अगम अनंत , डॉक्टर राजेंद्र चंद्रवंशी, तुकाराम चंद्रवंशी, आनंद ठाकुर , अगम दास अनंत , नीलकंठ साहू , चोवा साहू , पीतांबर वर्मा , वाल्मीकि वर्मा के नामो की चर्चा जिले में जिला कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर चर्चा कार्यकर्ताओं और आम जनता में होती हुई दिख रही है । खासकर जनता के मुद्दे को लगातार उठाने वाला बने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इस बात को लेकर ज्यादा कार्यकर्ता चाहते है ।

# तेज तकनीकी प्रगति से पर्यावरणीय असंतुलन गंभीर रूप ले रहा:विवेक



**भिलाई, 10 अक्टूबर।** विश्व पर्यावास दिवस के अवसर पर सोमवार को द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा सिविक सेंटर स्थित इंजीनियर्स भवन में तकनीकी परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय इस वर्ष संकट के शहरी समाधान निर्धारित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनरेगा के आयुक्त तारण प्रकाश सिन्हा, पर्यावरण संरक्षण मंडल की क्षेत्रीय अधिकारी डा. अनीता सावंत तथा नगर एवं ग्राम निवेश के संयुक्त संचालक सूर्यभान सिंह ठाकुर विशिष्ट अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई केंद्र के चेयरमैन पुनीत चौबे ने की, जबकि स्वागत भाषण शाखा के सचिव बसंत साहू ने दिया। मुख्य वक्ता डॉ. विवेक अग्निहोत्री, सहायक प्राध्यापक, एनआईटी रायपुर ने अपने व्याख्यान में कहा कि तेज तकनीकी प्रगति के साथ पर्यावरणीय असंतुलन गंभीर रूप ले रहा है। उन्होंने ऊर्जा उपयोग, परिवहन और जीवनशैली में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि तारण प्रकाश सिन्हा ने अपने उद्बोधन में प्राचीन भारत की नगरीय सभ्यता का उल्लेख करते हुए कहा कि सिंधु घाटी सभ्यता और धौलाविरा जैसे उदाहरण यह दर्शाते हैं कि प्राचीन भारत में भी शहरी समस्याओं के समाधान के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था थी। उन्होंने नगरीय नियोजन में विशेषज्ञों की कमी पर चिंता व्यक्त की और इस क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता बताई। डा. अनीता सावंत ने वायु प्रदूषण नियंत्रण और अपशिष्ट प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। सूर्यभान सिंह ठाकुर ने नगर एवं ग्राम नियोजन से जुड़े कानूनों और नीतियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में हृदय मोहन पूर्व कार्यपालक निदेशक सेल, राजेश ताम्रकार, पी.के. नियोगी सहित विभिन्न उद्योगों, सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारी, संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में के. प्रवीण ने रोचक क्विज का आयोजन किया। संचालन विक्की कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन अरविन्द रस्तोगी ने प्रस्तुत किया।

# सेक्टर-6 में नेशनल गतका चैपियनशिप का आगाज



**भिलाई,10 अक्टूबर।** नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 13 वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप का आज भिलाई में आगाज हुआ आयोजन 10,11,12 अक्टूबर 2025 को न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सौजन्य से भिलाई के गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर - 6 भिलाई में किया जा रहा है है इसका शुभारंभ आज सुबह सांसद विजय बघेल और पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने किया। इस दौरान नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष हरजीत सिंह गरेवाल, छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसबीर सिंह चहल, न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, महासचिव जसवंत सिंह खालसा और कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह लल्लू विशेष रूप से उपस्थित थे सांसद विजय बघेल ने भिलाई में गतका के राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए एसोसिएशन के छत्तीसगढ़ अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू और अन्य पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने अन्य राज्यों से आए खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ को बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने भी आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारियों और आए हुए खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने बताया कि भिलाई में नेशनल गतका चैम्पियनशिप का होना हम सबके लिए खुशी और गर्व की बात है। यह प्रतियोगिता गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 6 में संपन्न होगी। इस राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में सभी राज्यों के करीब 500 खिलाड़ी और 40 आफिशियल पहुंच चुके है।

## एक नजर

### डॉ. अमरोहित देंगे अभ्यार्थियों को सफलता के लिए जरूरी टिप्स

**रायपुर 10 अक्टूबर।** कोरिया जिला के मुख्यालय बैकुंठपुर में 11 एवं 12 अक्टूबर को दो



दिवसीय कोरिया साहित्य महोत्सव कोसम आयोजित है। जिला प्रशासन एवं सांस्कृतिक संस्था अभिव्यक्ति द्वारा आयोजित इस साहित्य महोत्सव में राज्य भर के साहित्यकार एवं सांस्कृतिक कर्मी शिरकत कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में 12 सितंबर को तीन घंटे का विशेष सत्र प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यार्थियों के लिए आयोजित है। इसमें प्रतियोगी परीक्षा पुस्तकों के विश्वसनीय एवं प्रमाणिक लेखक, छत्तीसगढ़ी साहित्यकार डॉ. गीतेश अमरोहित युवा अभ्यार्थियों से संवाद स्थापित करेंगें। साथ ही परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के टिप्स भी देगें। बस्तर और सरगुजा के इतिहास पर भी डॉ. अमरोहित सार्थक परिचर्चा में भाग लेगें।

### सीसीटीवी कैमरा का लोकार्पण

**सिमगा 10 अक्टूबर।** थाना सिमगा क्षेत्र में स्थापित CCTV कैमरा का लोकार्पण f 10/10/2025 को थाना परिसर सिमगा में रखा गया है जिसमें उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साहू , राजस्व मंत्री माननीय टंकराम वर्मा सहित अन्य अतिथि एवं कलेक्टर दीपक सोनी जिला बलौदाबाजार, पुलिस अधीक्षक महोदय बलौदाबाजार एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे इस कार्यक्रम में आप सभी पत्रकारगण, वरिष्ठ नागरिक, पदाधिकारीगण, आम जनता सादर आमंत्रित है ।

### पंचायत सचिव जोहितलाल ठाकुर निलंबित

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायत बारूला के सचिव जोहितलाल ठाकुर को अनुशासनहीनता एवं शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चन्द्राकर द्वारा की गई है। श्री ठाकुर पर कार्यालय में नियमित रूप से अनुपस्थित रहने, आम नागरिकों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र तथा विद्यार्थियों को आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने में लापरवाही बरतने, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यों में रूचि नहीं लेने कर्मयोगी अभियान विजन 2030 की कार्ययोजना एवं एक्शन प्लान तैयार नहीं करने तथा कार्यालय प्रमुख के निर्देशों की अवहेलना करने के आरोप थे। ग्राम पंचायत तेन्दुबाय के सचिव श्री द्वारिका प्रसाद राठौर को ग्राम पंचायत बारूला का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### अतिथि व्याख्याता इतिहास के लिए आवेदन 22 अक्टूबर तक

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए अतिथि व्याख्याता इतिहास के पद पर अध्यापन कार्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन, केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा विशेष वाहक के माध्यम से 9 अक्टूर से 22 अक्टूबर 2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अतिथि व्याख्याता इतिहास के संबंध में विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की Website : www.gkhca.in में उपलब्ध है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना से बिजली बिल हुआ शून्य

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** सूर्य का प्रकाश हमारे जीवन में ऊर्जा, प्रकाश और स्वास्थ्य का संचार करती है। यह प्राकृतिक शक्ति हमारे जीवन विकास के साथ-साथ अब घरों को मुफ्त बिजली भी प्रदान कर रही है। ऐसा संभव हो पाया है पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में श्री क्षितिज शेट्ठी अम्बिकापुर निवासी एक प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेकर अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप प्लांट लगवाया है। इस पहल के बाद वे अब सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भर बन चुके हैं। श्री शेट्ठी बताते हैं कि सोलर प्लांट लगाने के बाद से उन्हें अब बिजली बिल जमा नहीं करना पड़ता। उनकी सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता घरेलू खपत से अधिक है, जिससे अतिरिक्त बिजली ग्रिड में जमा हो रही है।

# मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की डिजिटल प्रगति को मिला राष्ट्रीय मंच



**रायपुर, 10 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की डिजिटल प्रगति और तकनीकी क्षमता को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया। नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित भारत मोबाइल कांग्रेस (ढ्रख्ष्ट) 2025 के अंतर्गत राज्यों के आईटी मंत्रियों की राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में राज्य के वित्त मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए देशभर के समक्ष राज्य के डिजिटल और दूरसंचार विकास की दृष्टि प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दूरसंचार अधोसंरचना के समन्वित विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयास सहकारी संघवाद का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अपने संबोधन में प्रदेश में मोबाइल नेटवर्क विस्तार की आवश्यकता, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश के अवसर, साइबर सुरक्षा, डेटा सेंटर विकास और नवीन तकनीकों के प्रोत्साहन पर विशेष बल दिया। उन्होंने इंडियन मोबाइल कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष छत्तीसगढ़ में मोबाइल टावरों और हाई-स्पीड इंटरनेट विस्तार के लिए ठोस तर्क प्रस्तुत किए। साथ ही विभिन्न राज्यों को छत्तीसगढ़ में भूकंपीय जोखिम कम होने के कारण डेटा सेंटर एवं डिज़ास्टर रिकवरी साइट स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया।

भारत सरकार के दूरसंचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में श्री चौधरी ने अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में दूरसंचार अधोसंरचना के तीव्र विकास के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राज्य ने भारत सरकार द्वारा जारी राइट ऑफ वे नियम, 2024 को अधिसूचित कर 1 जनवरी 2025 से प्रभावी कर दिया है तथा केंद्रीय ROW पोर्टल पर ऑनबोर्ड होने का निर्णय लिया है।

इसके साथ ही उन्होंने नेटवर्क विस्तार की आगामी योजनाओं, जैसे धरती आबा योजना, के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में अतिरिक्त टावर स्वीकृति और राज्य-विशेष नई योजना के निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने बताया कि राज्य के दूरस्थ वनांचलों में, जहाँ मोबाइल नेटवर्क विस्तार अत्यंत चुनौतीपूर्ण है।

### सुजलाम भारत' के तहत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन विषय पर आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए साय

# जल संरक्षण के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा: मुख्यमंत्री

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** जल है तो कल है, और जल से ही कल संवरेगा। जल संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा, तभी हम अपने भविष्य को सुरक्षित रख पाएंगे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 'सुजलाम भारत' के अंतर्गत राजधानी रायपुर स्थित ओमाया गार्डन में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने जल कलश पर जल अर्पित कर जल संचयन का संदेश दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अनेक अवसरों पर जल संकट को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। जल संरक्षण के प्रति जनमानस में जागरूकता की कमी इस संकट को और गहरा कर सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में लोग अपने-अपने ढंग से जल संचयन के लिए प्रयास कर रहे हैं, और ऐसे मंचों के माध्यम से सभी अपने अनुभव साझा कर पाएंगे, जो अंततः नीति निर्माण में भी निर्णायक सिद्ध होंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने राजनांदगांव प्रवास का उल्लेख करते हुए बताया कि एक महिला सरपंच ने स्वप्रेरणा से सूख चुके हैंडपंपों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया। उनके इस अभिनव प्रयास की सराहना केंद्र सरकार द्वारा भी की गई और इस पुनीत पहल को आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे उदाहरण हमें प्रेरित करते हैं। हम सभी को मिलकर जल संरक्षण को एक जन आंदोलन का स्वरूप देना होगा, ताकि हमारा भविष्य सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी से प्राप्त होने वाले सुझाव और इनपुट आगामी कार्ययोजनाओं के निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पृथ्वी के प्रतीक स्वरूप स्थापित कलश में केलो नदी का पवित्र जल अर्पित किया और जल संरक्षण एवं संचयन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और हमारी पावन नदियाँ धरती को सींचकर जीवनदायिनी बनाती हैं। इन्हीं नदियों से हमारी संस्कृति, सभ्यता और अस्तित्व की पहचान जुड़ी हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नदियाँ – महानदी,



इंद्रावती, शिवनाथ, केलो और अन्य – प्रदेश की जीवनरेखाएँ हैं। ये नदियाँ न केवल धरती को उर्वर बनाती हैं, बल्कि कृषि, उद्योग और जीवन के हर क्षेत्र को संजीवनी प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी रूपी कलश में केलो नदी का जल अर्पण इस बात का प्रतीक है कि हमें जल की हर बूंद का सम्मान करना चाहिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सहेजकर रखना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण के इस संकल्प को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, ताकि छत्तीसगढ़ की धरती सदैव हरियाली और समृद्धि से

#### अब तक साढ़े तीन लाख संरचनाओं का निर्माण

जल संसाधन विभाग के सचिव श्री राजेश सुकुमार टोप्पो ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम की संकल्पना की गई है। विभिन्न विभागों को एक-एक थीम पर संगोष्ठी आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत जलशक्ति मंत्रालय द्वारा जल संचयन विषय पर इस संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज लगभग 300 से अधिक लोगों ने, जो जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हैं, अपना पंजीयन कराया है। जल संरक्षण को सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा है। पिछले एक वर्ष में जिलों के कलेक्टरों और संबंधित विभागों ने जल संचयन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। अब तक साढ़े तीन लाख संरचनाओं का निर्माण किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप भू-जल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। कार्यक्रम में पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

### खुशियों का आशियाना मिलने पर केशव की बदली जिंदगी

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ने देश के दूरस्थ अंचलों तक परिवर्तन की नई बयार बहाई है। इस योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के पक्के घर का सपना साकार कर दिया है। राजनांदगांव जिले के ग्राम जोरातराई के श्री केशव साहू भी उन्हीं लाभार्थियों में से एक हैं, जिनकी जिंदगी इस योजना से संवर गई है। श्री साहू पहले कच्चे घर में रहते थे, जहां बरसात के दिनों में पानी टपकने और दीवारों में सीलन की समस्या बनी रहती थी। सीमित आमदनी और मात्र डेढ़ एकड़ कृषि भूमि के सहारे उनका परिवार जीवन-यापन करता था। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उन्हें दो कमरों, हाल और रसोईघर सहित पक्का आवास प्राप्त हुआ, जिससे उनका जीवन बदल गया है। उनके घर में जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन लग गया है, जिससे शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल रही है। साथ ही, खाद्यान्न सुरक्षा योजना के अंतर्गत उन्हें प्रतिमाह 35 किलोग्राम चावल मिल रहा है। श्री केशव साहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनका घर सचमुच खुशियों का आशियाना बन गया है।




# कलेक्टर ने भाठागांव में ग्रामसभा का लिया जायजा



**बलौदाबाजार, 10 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम भाठागांव में आयोजित ग्रामसभा का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणों को राजस्व विवादमुक्त पंचायत बनाने की शपथ दिलाई। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की तैयारी हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत कृषकों और उनके जमीनों की सूची तथा ग्रामवार, कृषकवार डिजिटल फसल सर्वेक्षण और गिरदावरी रिपोर्ट की सूची का अवलोकन किया। उन्होंने विलेज़ एक्शन प्लान में पंचायत की भविष्य की विकास कार्य एवं सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने कहा। इसके साथ ही साफ -सफाई, नशामुक्ति, जल संरक्षण के कार्य में सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी पंचायत एवं ग्रामों में 2 अक्टूबर से विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें निर्धारित एजेंडा अनुसार चर्चा की जा रही है। इसके साथ ही समस्याओं एवं भावी कार्यों पर भी मंथन किया जा रहा है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, जनपद सीईओ फ़क़ीरचरण पटेल सहित, सरपंच, पंच एवं अन्य अधिकारी -कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### चनियागांव एनीकट निर्माण कार्य के लिए 363.85 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा कोण्डागांव जिले के विकासखंड फरसगांव के चनियागांव एनीकट निर्माण कार्य हेतु तीन करोड़ तिरसठ लाख पचासी हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग की समिति की दिनांक 23 जुलाई 2025 की अनुशंसा एवं माननीय मंत्री जी के अनुमोदन के पश्चात दी गई है। प्रस्तावित कार्य पूर्ण होने पर जल संवर्धन, निस्तारी, पेयजल आपूर्ति तथा कृषकों द्वारा स्वयं के साधनों से 60 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। कार्य के निष्पादन हेतु यह निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्य स्वीकृत राशि एवं निर्धारित समयावधि में ही पूर्ण किया जाए, तथा सभी तकनीकी स्वीकृतियाँ, ड्राइंग-डिज़ाइन अनुमोदन एवं निविदा प्रक्रियाएँ सक्षम अधिकारी से प्राप्त करने के पश्चात ही प्रारंभ की जाएँ। कार्य की गुणवत्ता, मितव्ययिता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा निविदा प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से संपन्न की जाए।

## समाचार संक्षेप

### लाल बहादुर नगर मंडल में पथ संचलन का मातृशक्ति ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

**रायपुर 10 अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लाल बहादुर नगर मंडल द्वारा संघ शताब्दी वर्ष निमित्त विजयादशमी उत्सव पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चारभाठा मंडल एवं अन्य आसपास के ग्रामीण अंचल के स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन किया गया। साथ ही राष्ट्र सेवा के लिए समाज में कार्य करने वाले कार्यकर्ता बंधुगण एवं वरिष्ठगण भी शामिल हुए। माताओं ने पथ संचलन का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। संघ शताब्दी वर्ष में लगातार समाज के बीच में जाकर राष्ट्र सेवा के लिए सभी जनमानस को प्रेरित कर रहे है। इसी कड़ी में लाल बहादुर नगर मंडल में भी पथ संचलन का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें स्वयंसेवकों ने गांव भ्रमण कर मंचीय कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री विष्णु साव जी सामाजिक समरसता विभाग संयोजक राजनांदगांव के ऊर्जास्रोत उद्बोधन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। साथ ही मुख्य अतिथि अभय बाजपाई जी एवं डोंगरगढ़ खंड के खंड संघचालक जागेश्वर निषाद ग्राम के वरिष्ठ नागरिक आसपास के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### दिव्यांग शंकर को आयुष्मान योजना से मिला नया जीवन

**रायपुर,10 अक्टूबर।** 32 वर्षीय शंकर गुप्ता पहले से ही शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं। रोज़ की तरह वे घर लौट रहे थे, इस दौरान आकस्मिक दुर्घटना में शंकर के पैर की हड्डियाँ चार जगहों से टूट गईं जिनमें घुटने का पटेला, फीमर और लांग बोन क्षति हुई। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि स्थिति गंभीर है और सर्जरी ही एकमात्र उपाय है। आयुष्मान भारत योजना से शंकर का निःशुल्क उपचार हुआ, जिससे उसे नया जीवन मिला। जिले के विकासखण्ड रामचन्द्रपुर अंतर्गत ग्राम



चाकी निवासी 32 वर्षीय शंकर गुप्ता का इलाज का अनुमानित खर्च लगभग 80 हजार रुपये बताया गया। सीमित साधनों वाला परिवार असमंजस में था कि इतनी बड़ी रकम ईलाज के लिए कहाँ से लाए। ऐसी स्थिति में आयुष्मान भारत योजना उनके लिए संजीवनी बनकर आई। योजना के अंतर्गत उनका पूरा ईलाज निःशुल्क हुआ। सर्जरी, सीटी स्कैन और दवाइयाँ सभी इसी योजना के तहत कवर हुईं। सर्जरी सफल रही और अब शंकर की सेहत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। चिकित्सकों की निगरानी में वे पुनः खड़े होने की कोशिश कर रहे हैं। ईलाज पूरा होने के बाद शंकर भावुक स्वर में कहते हैं, मैं पहले से दिव्यांग हूँ, दुर्घटना के बाद लगा कि अब शायद जीवनभर चल नहीं पाऊँगा। लेकिन आयुष्मान योजना मेरे लिए वरदान बन गई। यदि आयुष्मान योजना न होती तो मेरा ईलाज संभव नहीं था। सरकार की इस योजना ने मुझे न सिर्फ ईलाज, बल्कि दोबारा जीने का हौसला दिया है। शंकर गुप्ता की यह कहानी बताती है कि जब सरकारी योजनाएं सही जरूरतमंद तक पहुँचती हैं, तो वे किसी के लिए नया जीवन बन जाती हैं।

### बैंक सखी बालेश्वरी गांव-गांव में पहुंचा रहीं हैं बैंकिंग सुविधाएं

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** बैंक सखी ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए स्वयं सहायता समूह की एक प्रशिक्षित महिला सदस्य होती है, जो सखी के रूप में काम करती है, वह बैंक के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करती है । सरगुजा जिले के विकासखण्ड लखनपुर के ग्राम पंचायत लोसंगी की रहने वाली बालेश्वरी यादव बैंक सखी के रूप में कार्य कर रहीं हैं। उनके द्वारा पांच पंचायतों लोसंगी, लोसगा, रेमहला, लब्जी, कटिन्दा में लोगों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाई जा रहीं हैं, ग्रामीण उन्हें बैंक वाली दीदी कहते हैं। क्योंकि बैंकिंग सम्बन्धी जिन कार्यों के लिए लोगों को पहले बैंक तक जाना पड़ता था, वो काम अब उनके गांव में ही हो जाते हैं। बैंक वाली दीदी गांव में आती हैं और लोगों के बैंकिंग लेन-देन के कार्य करके जाती हैं। बालेश्वरी यादव ने बताया कि वे वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा मजदूरी भुगतान, स्व-सहायता समूह की राशि का लेनदेन सहित अन्य बैंकिंग कार्य कर रहीं हैं। विगत पांच वर्षों में उन्होंने लगभग 11 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लेनदेन किया है। बालेश्वरी बताती हैं कि वे अपने पुत्र के साथ लोसंगी में रहती हैं, इससे पहले उनकी आय का जरिया मेहनत मजदूरी था, मजदूरी से प्राप्त पैसों से ही गुजर-बसर करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में जब गांव में स्व-सहायता समूह का गठन हुआ, तो मुझे भी उसमें सदस्य बनने की इच्छा हुई और मुझे रानी लक्ष्मी बाई स्व-सहायता समूह का अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद मैंने ग्राम संगठन एवं क्लस्टर संगठन में भी अध्यक्ष के रूप में काम किया। इसके बाद सक्रिय महिला एवं आरवीके बुक कीपर का काम करने का भी मौका मिला। इसके बाद मुझे एनआरएलएम के द्वारा बैंक सखी के बारे में बताया गया, इस कार्य के लिए मुझे काफी उत्सुकता हुई। हमें आरसेटी के द्वारा बैंक सखी का प्रशिक्षण दिया गया। वर्ष 2021 से मैंने बैंक सखी का काम करना शुरू किया, उन्होंने कहा कि इस कार्य से मुझे प्रतिमाह लगभग 15 हजार रुपए तक कमीशन मिल जाता है। बैंक सखी के कार्य से आर्थिक सशक्तिकरण के साथ मुझे समाज में अलग पहचान मिली है, वहीं लोगों की मदद करके बहुत खुशी मिलती है। लोगों को जब जरूरत होती है, तो वे स्वयं मुझे बुलाते हैं। वहीं बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंदों के घर पर भी मैं बैंकिंग सेवा प्रदान करती हूं। उन्होंने बताया कि कियोस्क के माध्यम से अब तक लभगभ 513 ग्रामीणों के जनधन खाते खोले हैं। वहीं बीमा योजनाओं से भी हितग्राहियों को जोड़ा है, जिसमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 713, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 556, अटल पेंशन योजना 600 हुए हैं।

# गुरुद्वारा नानक दरबार में गुरु रामदास का प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया गया

**सिमगा 10 अक्टूबर।** सिख धर्म के चौथे गुरु धन धन श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व सिमगा नगर स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह के दीवान में कीर्तन एवं गुरु विचार के दौरान ज्ञानी हरि सिंह बेदी ने गुरु रामदास जी के जीवन, शिक्षाओं और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। संध्या के दीवान में रहिरास साहिब पाठ एवं आरती के उपरांत स्त्री सत्संग सभा की ओर से परमजीत कौर, रविंद्र कौर, शिल्पी भाटिया, सिमरन सलूजा, मिन्नी भाटिया और रीत कौर ने मधुर कीर्तन प्रस्तुत कर गुरु साहिब के उपदेशों को स्मरण किया। इस अवसर पर शिल्पी भाटिया ने गुरु विचार करते हुए कहा कि गुरु रामदास जी सिख धर्म में सेवा, नम्रता और प्रेम के प्रतीक हैं। उन्होंने



मानवता को नाम जपो, किरत करो और वंड छको के सिद्धांत पर चलने की प्रेरणा दी। गुरु जी ने समाज में जात-पात और ऊँच-नीच के भेदभाव को समाप्त करने का संदेश दिया।उन्होंने अमृतसर शहर की स्थापना कर हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) का निर्माण प्रारंभ कराया, जो आज पूरी दुनिया में सिख आस्था और भाईचारे का केंद्र है। गुरु जी की वाणी गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित है, जो हर युग में इंसान को सच्चाई, सेवा और समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। दीवान की समाप्ति के पश्चात लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सिख समाज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और गुरु चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### 9 से 12 अक्टूबर तक गोवा में आयोजित पर्पल फेस्ट में करेंगे योगा प्रदर्शन

# मनोविकास केंद्र के 5 छात्रों का पर्पल फेस्ट-25 के लिए हुआ चयन

**बलौदाबाजार ,10 अक्टूबर।** मनोविकास केन्द्र बलौदाबाजार के 5 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित पर्पल फेस्ट 2025 में भाग लेने के लिए हुआ है। यह आयोजन 9 से 12 अक्टूबर 2025 तक गोवा मे किया जा रहा है। फेस्ट में हिस्सा लेने गोवा रवाना होने से पहले गुरुवार को कलेक्टर दीपक सोनी से चयनित बच्चों ने मुलाक़ात की। कलेक्टर श्री सोनी ने मनोविकास केंद्र के बच्चों का फेस्ट के लिए चयन होने पर जिले के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए उन्हें शुभकामनायें दी।

मनोविकास केन्द्र के नोडल अधिकारी आशा शुक्ला ने बताया कि केंद्र के छात्र कुलदीप निर्मलकर, तुषार सेन पुष्कर कुमार साहू,लोकेश कुमार वर्मा एवं किशन यादव का चयन पर्पल फेस्ट 2025 में भाग लेने के लिए



हुआ है। इनके साथ योग शिक्षक श्री ललित कुमार साहू तथा केन्द्र प्रमुख श्री दुर्गा शंकर पटनायक भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।चयनित विद्यार्थी मनोविकास केन्द्र एवं बलौदाबाजार-भाटापारा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए 15 मिनट का योग प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे जो दिव्यांगजनों की क्षमताओं और समावेशन की भावना को उजागर करेगा। यह भागीदारी मनोविकास पहल और जिला प्रशासन के लिए गर्व का क्षण होगा तथा इन विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और अनुभव प्रदान करेगी।

पर्पल फेस्ट 2025 को दिव्यांगजनों की रचनात्मकता, प्रतिभा और सशक्तिकरण के एक जीवंत उत्सव के रूप में देखा जा रहा है। यह आयोजन भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग,गोवा सरकार के राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय, तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं संयुक्त राष्ट्र भारत के सहयोग से किया जा रहा है।पर्पल फेस्ट का उद्देश्य दिव्यांगजनों के समावेशन, पहुंच और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह महोत्सव समाज में जागरूकता फैलाने, उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने और एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में कार्य करता है जहां प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा और समान अवसरों के साथ जीवन जीने का अधिकार हो।

#### 45 से अधिक बच्चों को विशेष शिक्षा दी जा रही

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास और पुनर्वास हेतु जिला प्रशासन द्वारा बलौदाबाजार में सीएसआर मद से मनोविकास केंद्र संचालित किया जा रहा है। इस केंद्र में 45 से अधिक बच्चों को विशेष शिक्षा, चिकित्सा सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और समग्र विकास की सुविधाएं प्रदान किया जा रहा है। यह केंद्र जनवरी 2025 से शुरू हुआ है और अल्प समय मे ही बेहतर परिणाम सामने आने लगा है। विशेष शिक्षा, थेरेपी सेवाएं व्यावसायिक प्रशिक्षण,मनोवैज्ञानिक परामर्श और खेल व सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित की जा राही हैं। साथ ही बच्चों को आत्मनिर्भर बनने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों से भी जोड़ा जाता है।

# वक्त आपसी समझ व तालमेल बढ़ाने का है

## संपादकीय

हर देश को अपने हित की चिंता होती है लेकिन इसके लिए कोई देश यह सोचे की दूसरे देश को भी वह अपने हित के लिए सोचने को या कुछ करने को मजबूर कर सकता है तो यह सही कदम नहीं माना जाता है। अमरीका ऐसा ही कर रहा है, वह दूसरे देशों की हित की कोई चिंता नहीं कर रहा है,वह शक्तिशाली देश होने के नाते दूसरे देशों पर मनमाने टैरिफ लगा रहा है ताकि आपसी व्यापार में अमरीका को ज्यादा आर्थिक फायदा हो, दूसरे देश के नुकसान की चिंता वह नहीं करता है,इससे अमरीका के प्रति तमाम देशों में एक तरह की नाराजगी है कि अमरीका के टैरिफ के कारण उनको नुकसान हो रहा है। ट्रंप यह सोच नहीं पा रहे हैं कि वह जिस तरह अमरीका को ग्रेट अगेन बनाना चाहते हैं, उसी तरह दूसरे देश भी अपने देश का हर क्षेत्र में विकास चाहते हैं, दो देशों के व्यापार में वह भी चाहते हैं कि उनको को कोई फायदा हो। ऐसे में दूसरे देश अमरीका पर निर्भर रहने की जगह दूसरे देशों के साथ आपपी समझ व तालमेल बढ़ाकर आर्थिक संबंध बना रहेहैं, अमरीका के जो फायदा उनको होता था,उस फायदे को वह दूसरे देशों के साथ व्यापार करके पाने का प्रयास कर रहे हैं। ब्रिटेन,जापान,ब्राजील,इस्लामिक देश ऐसे ही देश हैं, वह अब अमरीका पर अपनी निर्भरता कम करने का प्रयास कर रहे हैं क्योंकि उनको अमरीका के साथ रहने में अब पहले की तरह की कोई बड़ा फायदा नहीं हो रहा है। यह तो सीधी व साफ बात है कि जिस देश से किसी देश को फायदा होता है तो वह उसकी बात सुनता भी है और मानता भी है। ब्रिटेन भी कुछ साल पहले तक ऐसा ही देश था, वह यूरोपीय संघ का सदस्य था, उसे जब यह लगा कि यूरोपीय संघ में रहने में फायदा है तो वह यूरोपीय संघ में रहा जैसे ही उसे लगा कि यूरोपीय संघ में रहने में उसको फायदा नहीं है, उसने यूरोपीय संघ से निकलने का फैसला किया। उसने स्वतंत्र देश के रूप में हर देश के साथ संबंध बनाने का फैसला किया, अपने आर्थिक फायदे के लिए उसने देशों के साथ हर तरह के डील करने का प्रयास किया। ब्रिटेन व भारत के बीच भी डील पर कई बरसों से चर्चा हो रही है। ब्रिटेन व भारत के बीच डील पर चचा की शुरूआत तो बोरिस जानसन के समय से शूरू हो गई थी, उसके बाद डील को आगे बढ़ान की जिम्मेदारी ऋषि सुनक पर रही, उन्होंने भी अपने समय में भारत व ब्रिटेन के बीच होने वाली डील को आगे बढ़ाने का काम किया।ब्रिटेन के तीसरे पीएम कीर स्टार्मर के आने के बाद भारत व ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड डील हो सकी। पीएम मोदी जब ब्रिटेन गए थे तो इस पर बात हुई थी तथा डील हुई थी। अब कीर स्टार्मर भारत के दौरे पर आए हैं तो कई क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच डील हुई है।इससे दोनों देशों को फायदा होना है। व्यापार के क्षेत्र में ऐसा तो होता नहीं है कि दोनों देशों को बराबर का फायदा हो, व्यापार के क्षेत्र में किसी देश को ज्यादा फायदा होता है तथा किसी देश को कम फायदा होता है। इसे लंवे समय तक बात करके तय किया जाता है कि हम आपको क्या फायदा पहुंचा सकते है तथा आप से हम किस क्षेत्र में फायदा चाहते हैं। दोनों देशों के बीच हुई डील में माना जाता है कि ब्रिटेन भारत के 99 प्रतिशत सामान पर टैरिफ नहीं लगाएगा तथा भारत ब्रिटेन के 90 प्रतिशत सामान पर टैरिफ नहीं लगाएगा। यानी दोनों देशों के बीत व्यापार में भारत को ज्यादा फायदा है, ब्रिटेन का कम फायदा है। भारत इस वक्त तमाम देशों से फायदा उठाने की स्थिति में हैं क्योंकि भारत एक बड़ा बाजार है, इसकी जरूरत विश्व के तमाम देशों को है, इसलिए वह भारत के फायदे की बात को खुशी खुशी मान लेते हैं। ब्रिटेन से भारत को फायदा है, इसलिए पीएम मोदी ने कहा है कि भारत की विकास यात्रा में ब्रिटेन का स्वागत है।वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत व ब्रिटेन के बीच दोस्ती बहुत जरूरी है। कीर स्टार्मर ने कहा है कि 2028 तक भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसलिए ब्रिटेन भारत के साथ सहयोग के लिए संकल्पित है। ब्रिटेन के भारत दौरे में दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए हैं, इसमें 4200 करोड़ को मिसाइल सौदा प्रमुख है।इसके अलावा ब्रिटेन की 9 यूनिवर्सिटी अपने कैंपस भारत में खोलेंगी,भारत वायुसेना के प्रशिक्षक ब्रिटेन की वायु सेना फोर्स को प्रशिक्षण देंगे,ब्रिटेन व भारत डिजिटल प्लेटफार्म के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे। क्रिटिकल मिनरल्स पर सहयोग के लिए सप्लाई चेन आब्जरवेंटरी स्थापित करेंगे। ब्रिटेन पीएम के भारत दौरे से दोनों देशों की बीच सहयोग कई क्षेत्रों में बढ़ा है तथा आगे भी बढ़ेगा।

# मानसिक यातनाओं में परिवर्तित होने वाले मानसिक खेलों में लगातार वृद्धि

**विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस**

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**



मनोविज्ञान विचारों, भावनाओं और व्यवहारों को समझने में मदद करता है, जिससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है और अपनी कमज़ोरियों को पहचानने और सुधारने की क्षमता बढ़ती हैं। दिमागी खेलों का इस्तेमाल हमेशा दूसरे व्यक्ति की भावनाओं और कार्यों को प्रभावित एवम उन्हें नियंत्रित करने के लिए किया जाता है, जो किसी व्यक्ति को कुछ खास कार्य करने के लिए मजबूर करते है, कभी-कभी रिश्तों में बढ़त हासिल करने, अपनी कमज़ोरियों को ज़ाहिर नहीं करना, किसी रिश्ते में हावी होने की इच्छा, किसी की दिलचस्पी बनाए रखने, ध्यान आकर्षित करने या धोखा देने के लिए दिमागी खेल खेलते है, दूसरे शब्दों में, दिमागी खेल मनोवैज्ञानिक हेरफेर हैं। कार्यस्थल पर दिमागी खेल अक्सर गुप्त एजेंडे, हेरफेर, शक्ति की गतिशीलता और अन्य सूक्ष्म मानसिक चालें शामिल होती हैं। भावनात्मक बुद्धिमत्ता की कमी अक्सर स्वार्थी और अदूरदर्शी व्यवहार की ओर ले जाती हैं। दिमागी खेल खेलने वाला व्यक्ति, जो नियंत्रणकारी, धोखेबाज़ या मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार में लिप्त होता है, उन्हें मैनिपुलेटर या नार्सिसिस्ट कहा जाता हैं। दिमागी खेल हमारे भावनात्मक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालते है, यह कुछ हद तक ठीक है, क्योंकि इससे रिश्तों में लचीलापन आता है, लेकिन लगातार इस तरह के दिमागी खेल खेलना मानसिक यातनाए बन जाती हैं। सीधा और साफ संवाद कई दिमागी खेलों को रोक सकता हैं। चालाकी भरे व्यवहार पर बात करते समय, आपने जो देखा है और उससे आपको कैसा महसूस होता है, उसके बारे में स्पष्ट रहें। विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ अनुसार, इस साल 2025 में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम "सेवाओं तक पहुँच - आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य" हैं। मानसिक स्वास्थ्य विकार 200 से ज़्यादा प्रकार के होते हैं। तनाव विकार, जुनूनी-बाध्यकारी विकार, सामाजिक भय और सामान्यीकृत चिंता विकार, अवसाद और द्विध्रुवी विकार जैसे मनोदशा संबंधी विकार व अन्य। हमारे देश में मनोचिकित्सक की भारी कमी है, लोग मानसिक विकार से गुजरते हुए भी अधिकतर खुद को विकारग्रस्त नहीं मानते। शरीर की भांति मन का भी रोज व्यायाम होना चाहिए, उसे भी पोषक वातावरण बेहद आवश्यक होता हैं। जीवन में कभी किसी व्यक्ति की आदत या अत्यधिक निर्भरता पर नहीं रहना, क्योंकि उस व्यक्ति के जाने के बाद या उसके व्यवहार में बदलाव के बाद हम भावनात्मक रूप से टूटने के कगार पर पहुंच सकते हैं। महिलाएं भावनात्मक सुरक्षा की कमी, शक्तिशाली या नियंत्रण में रखने की चाहत, चोट लगने के डर या अपनी असुरक्षाओं के प्रतिबिंब जैसे कारणों से मानसिक खेल खेलती हैं। ये हथकंडे बचाव के तरीके या किसी पुरुष की प्रतिबद्धता और आकर्षण को परखने के प्रयास हो सकते हैं। नकारात्मक अतीत से कुछ महिलाएं मानसिक खेलों का इस्तेमाल एक बचाव के तरीके के रूप में भी करती हैं। प्रेम और आकर्षण के बीच के अंतर को समझना जरूरी अन्यथा गलतफहमियां बढ़ती है और बहुत बार रिश्तों में अवांछित या हिंसक मोड़ आ जाता हैं। कभी भी आवेश में आकर कोई निर्णय लेने से बचें और खुशी में कोई वादा या अतिशीघ्र निश्चय न लें, क्योंकि भावनाओं में आकर फैसले नहीं किये जाते। किसी भी रिश्ते की नींव भरोसा और एक दूसरे के प्रति भावनात्मक समानता होती है, जब भी इनमें दरार आये तो उस रिश्ते की मजबूती पर सवाल उठते हैं। उदाहरण के लिए मानते हैं कि, एक पुरुष और एक महिला आपस में अच्छे मित्र है, दोनों एक-दूसरे के प्रति सन्मान और आदरभाव रखते हैं। इसमें पुरुष मित्र बेहतर और जिम्मेदार साथी है, जो हमेशा अपने महिला मित्र के खुशी के बारे में विचार करता है, परंतु महिला मित्र खुद के बारे में ज्यादा सोचती है, पुरुष मित्र के विचारों को सुनना, समझना या उसके दुःख-सुख को जानने में रूचि नहीं लेती हैं। महिला मित्र अधिक से अधिक पुरुषों का ध्यान आकर्षित करना चाहती है, वह सामने वाले पुरुष को बिना जाने-पहचाने ही तारीफों के पुल बांधने लगती है, सोशल मीडिया पर, कार्यस्थल और अन्य स्थान पर भी उसके ऐसे ही अनेक पुरुष मित्र है, जिनसे वह यही समान व्यवहार करती हैं।


इसका मतलब कि वह महिला मित्र हर पुरुष मित्र से मनोवैज्ञानिक खेल खेलती हैं। ऐसी महिला बहुदा राज, भ्रम या धोखा प्रतीत होती हैं। ऐसी परिस्थिति में पुरुष मित्र ने हमेशा इस प्रकार की महिलाओं से दुरी बनाकर रखनी चाहिए, वर्ना भावनाओं में बहकर पुरुष मित्र अनुचित निर्णय या दुर्व्यवहार का शिकार हो सकता है और गहरा मानसिक आघात भी लग सकता हैं। यह तो केवल एक उदाहरण है, लेकिन हकीकत में मनोविज्ञान का हमारे विचारों पर रोजाना असर होता हैं। कोई दिखावे का अपनापन दिखाता हैं, कोई भावनात्मक रूप से डराता हैं या भावनाओं से खेलता हैं, कोई हम पर दोषरोपण करता हैं, तो कोई हमें खुद की सोच पर भ्रम की स्थिति दर्शाता है, तो कोई हमसे सच छुपाकर झूठ दिखलाता हैं। लोगों की बातों को मन से लगाकर अपने आपको कमजोर साबित करने लगते हैं, इस तरह हम सत्य-असत्य के बीच संदेह के घेरे में आ जाते है और योग्य निर्णय लेने में खुद को असमर्थ महसूस करते हैं। बहुत बार लोग सोशल मीडिया पर किसी पोस्ट को देखकर अपनी भड़ास निकालते हैं, लड़के लड़कियों की झूठी आईडी बनाकर अकाउंट चलाते है और जालसाजी करते हैं। भ्रामक विज्ञापन, नेताओं के भाषण, अश्लील कंटेंट और धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट भी खूब करते है, जिस पर लोग प्रतिक्रिया देकर मनोवैज्ञानिक खेल का हिस्सा बन जाते हैं। किसी के दिमागी खेल खेलने के संकेतों में शामिल हैं, आपको भ्रमित या शर्मिंदा महसूस कराना, अपने स्वभाव के विपरीत व्यवहार करना, जैसे अचानक चुप हो जाना या गहरा स्नेह दिखाना, जल्द व्यवहार बदलना, गैसलाइटिंग या द्वेषपूर्ण तारीफ़ों से आपकी धारणाओं में हेरफेर करना, दोष दूसरों पर मढ़कर ज़िम्मेदारी से बचना, वे लगातार अपना मूड बदलते रहते है और जानकारी छिपाकर या नियंत्रण बनाए रखने के लिए अपने सामाजिक दायरे से बाहर रखकर आपको अंधेरे में रखना। अपनी कमजोरियां छुपाना और कोई चीज सीधे न मांगकर दिमागी खेल खेलकर ध्यान आकर्षित करते हैं। यह व्यवहार शक्ति प्राप्त करने या अपनी मनचाही चीज़ें पाने के लिए हेरफेर करने का काम करता है, जिससे आप असुरक्षित महसूस करते हैं या खुद पर संदेह करते हैं। मौन व्यवहार के साथ ही मनोविज्ञान में अपराधबोध, गैसलाइटिंग, प्रक्षेपण, पीड़ित की भूमिका निभाना, ध्यान आकर्षित करने की होड़, त्रिकोणीकरण, सूक्ष्म हेरफेर जैसे दिमागी खेल खेले जाते हैं, जिससे बचना चाहिए। इन आम मानसिक दिमागी खेलों को पहचानना और उनसे निपटने की रणनीतियाँ बनाना, स्वस्थ रिश्तों और अपनी मानसिक सेहत को बनाए रखने के लिए ज़रूरी हैं। सीमाएँ तय करना, खुलकर बातचीत करना और अपनी जरूरतों को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है, साथ ही लोगों द्वारा चापलूसी, अनावश्यक प्रशंसा और अपने हेरफेर के कारणों के बारे में भी जागरूक रहना जरूरी हैं। किसी के उकसावे पर प्रतिक्रिया न दें, ऐसा करके, आप इन मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का आत्मविश्वास और शालीनता से सामना कर सकते हैं।

किसी की खुशी में खुश और दुःख में दुखी महसूस करना, अब नजर नहीं आता, जबकि असल में यही मानवी भाव होते हैं, हर ओर दिखावे का मुखौटा लगाकर झूठे व्यवहार के चक्कर में हम अपनी भोली मासूमियत को खुद ही मार चुके हैं। यही कारण है कि वर्तमान में मानसिक विकारों में भी बेतहाशा वृद्धि हुयी है, जो सीधे तौर पर शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही हैं। हालातों से जीवन इतना भी उलझा नहीं होता, जितना मनुष्य उसको खुद उलझाता हैं। मन मस्तिष्क को हमेशा हल्का बनाए रखें, नकारात्मक विचारों का बोझ लेकर न चलें। स्व-देखभाल को प्राथमिकता दें, नियमित शारीरिक गतिविधि करें, संतुलित आहार लें और पर्याप्त नींद लें। लोगों से ज्यादा अपेक्षाएं न लगायें। रिश्तों को मज़बूत बनाएँ, दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताएँ। जो व्यक्ति आपको समझें, भावनाओं की कद्र करें और दुःख सुख में साथ दें, ऐसे लोगों के संपर्क में रहें, ताकि हम में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता रहें और नकारात्मकता से दूरी बनी रहें।

# क्रिकेट: भारत–पाक का नया युद्ध का हथियार

**दृष्टिकोण**

**हृदयमोहन**



कभी भारत–पाक क्रिकेट मैच को "खेल से बढ़कर भावना" कहा जाता था — वह भावना जो सीमाओं से परे साझा इतिहास और जुनून को जोड़ती थी। लेकिन अब वही भावना विवादों में घिर गई है। एशिया कप 2025 का फाइनल दुबई में खेला गया, और नतीजा वही रहा जिसकी उपमहाद्वीप में दर्शक बरसों से उम्मीद करते आए हैं — भारत की जीत। मगर इस बार सुर्खियों में बल्ले या गेंद से ज़्यादा था ट्रॉफी का अस्वीकार और हैंडशेक का अभाव।

**मैदान से परे: खेल या कूटनीति?**

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट अब सिर्फ़ खेल नहीं रहा, बल्कि कूटनीति, राष्ट्रीय स्वाभिमान और राजनीतिक संदेश का माध्यम बन चुका है। हाल की घटनाओं ने दिखा दिया कि एशिया कप में खिलाड़ियों के हाथ न मिलाने से लेकर ट्रॉफी समारोह तक, हर संकेत अब तनाव का प्रतीक बन गया है।

**हाथ जो नहीं मिले और दूरी जो बढ़ती गई**

टॉस के बाद दोनों कप्तान आमने-सामने खड़े थे — पर हाथ नहीं मिले। यह दृश्य खेल भावना से अधिक कूटनीतिक दूरी का प्रतीक बन गया। पुरुष टीमों में न टॉस के बाद हैंडशेक हुआ, न मैच के बाद। यही दृश्य महिला क्रिकेट में भी दोहराया गया — न टॉस के बाद, न मैच के बाद। दोनों बोर्ड ने इसे "अनौपचारिक प्रोटोकॉल" कहकर टालने की कोशिश की, पर यह महज़ शिष्टाचार की कमी नहीं थी; यह उस अविश्वास का संकेत था जो अब खेल की आत्मा तक पहुँच चुका है।

**ट्रॉफी विवाद और डिजिटल टकराव**– फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को पाँच विकेट से हराया, पर जीत के बाद ट्रॉफी समारोह एक घंटे से अधिक देर तक टला रहा। जब भारतीय टीम को बुलाया गया, उन्होंने ट्रॉफी लेने से इंकार कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अध्यक्ष मोहसिन नक़वी ने भी ट्रॉफी सौंपने से इनकार किया।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय टीम की जीत पर X (पूर्व ट्विटर) पर लिखा** — "#OperationSindoor on the games field. Outcome is the same – India wins! Congrats to our cricketers."

**इस पर नक़वी ने पलटवार किया** — "If war was your measure of pride, history already records your humiliating defeats at Pakistan's hands. No cricket match can rewrite that truth. Dragging war into sport only exposes desperation and disgraces the very spirit of the game."

यह डिजिटल संवाद खेल से आगे जाकर राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन बन गया। सोशल मीडिया पर दोनों देशों के समर्थक इसे अपनी-अपनी दृष्टि से राष्ट्रवाद की बहस में बदलते गए।

**एसीसी और असहमति** – एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC), जिसकी स्थापना 1983 में दक्षिण एशियाई देशों के बीच मित्रता और खेल भावना को सशक्त करने के लिए हुई थी, ने



तत्काल बैठक बुलाई। नक़वी से ट्रॉफी सौंपने को कहा गया, पर उनका जवाब था — "भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव खुद ACC के दुबई कार्यालय आकर ट्रॉफी लें।" यह बयान विवाद को और भड़का गया और सोशल मीडिया पर बहस नए स्तर पर पहुँच गई।

**सोशल मीडिया: नया युद्धक्षेत्र**अब क्रिकेट का मैदान केवल 22 गज का नहीं रहा। यह ट्विटर, इंस्टाग्राम और X तक फैल गया है। हर ट्वीट, हर तस्वीर और हर बयान को राष्ट्रीय गौरव या चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। मोदी का ट्वीट भारत में आत्मविश्वास का प्रतीक बना, जबकि नक़वी की प्रतिक्रिया पाकिस्तान में "सम्मान की रक्षा" के रूप में प्रस्तुत की गई। इस तरह सोशल मीडिया ने क्रिकेट को संवाद नहीं, टकराव का मंच बना दिया है।

**खेल की आत्मा: संवाद या टकराव?**– कभी क्रिकेट दक्षिण एशिया में सांस्कृतिक जुड़ाव का पुल था। अब वही पुल दरारों से भर गया है। हैंडशेक का अभाव, ट्रॉफी विवाद और सोशल मीडिया की बयानबाज़ी दिखाती है कि खेल अब राजनीति और प्रतिष्ठा का विस्तार बन चुका है।

**खेल का असली अर्थ** –खेल की असली भावना जीत या हार से नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने से पहचानी जाती है। अगर मैदान भी राजनीतिक संदेशों का मंच बन जाए, तो हार केवल खेल की नहीं, बल्कि भावना की भी होगी। अब ज़रूरत है कि एशियन क्रिकेट काउंसिल अपने मूल उद्देश्य की ओर लौटे — ताकि अगला भारत–पाक मुकाबला विवाद नहीं, बल्कि सौहार्द और खेल भावना का उत्सव बने।

# डरें नहीं थायराइड कैंसर लाइलाज नहीं

समय पर पहचान और सही इलाज से थायराइड कैंसर का इलाज आसान हो जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको थायराइड कैंसर से जुड़े 5 आम मिथकों और इसके पीछे की सच्चाई के बारे में बताने जा रहे हैं। लोगों में थायराइड कैंसर को लेकर कई तरह के भ्रम मिथक फैले हुए हैं। जिस कारण लोग सही से इलाज और जानकारी से वंचित रह जाते हैं। जैसे ही गले में गांठ महसूस होती है या फिर थायराइड की समस्या होती है, तो लोग डर जाते हैं और इंटरनेट पर या फिर सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा करने लगते हैं। ऐसे में समय रहते लोग डॉक्टर से सलाह नहीं लेते और कई बार गलत इलाज का शिकार हो जाते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, समय पर पहचान और सही इलाज से थायराइड कैंसर का इलाज आसान हो जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको थायराइड कैंसर से जुड़े 5 आम मिथकों और इसके पीछे की सच्चाई के बारे में बताने जा रहे हैं।

**थायराइड की दवा खाने से हो जाता है कैंसर**–थायरॉइड हार्मोन रिप्लेसमेंट दवा से कैंसर नहीं होता है। बल्कि यह दवाएं शरीर में हार्मोन का संतुलन बनाए रखती है और थायराइड ग्रंथि की समस्या को भी कम करती है।

**सिर्फ बुजुर्गों को होता है थायराइड**–यह भी एक मिथ है कि थायराइड कैंसर सिर्फ बुजुर्गों को होता है। यह किसी भी उम्र में हो सकता है और खासकर 20-40 साल की उम्र वाली महिलाओं को थायराइड कैंसर का खतरा अधिक रहता है।

**रेडिएशन एक्सपोजर से होता है थायराइड कैंसर**हालांकि बचपन में रेडिएशन के संपर्क में आना खतरे को बढ़ा सकता है। लेकिन सिर्फ इसी वजह से थायराइड कैंसर नहीं होता है। हार्मोनल बदलाव, आनुवांशिक कारण और कुछ पर्यावरणीय फैक्टर भी जिम्मेदार हो सकते हैं।

**लाइलाज है थायराइड कैंसर**–हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक थायराइड कैंसर का इलाज संभव है। सही समय पर इलाज, दवा और सर्जरी से इस बीमारी को कंट्रोल किया जा सकता है। यह सिर्फ एक मिथक है, इसलिए इस पर यकीन न करें।

**थायराइड गांठ कैंसर का संकेत**–बता दें कि हर थायराइड गांठ कैंसर नहीं होती है। अधिकतर गांठें सौम्य होती हैं और सही जांच जैसे अल्ट्रासाउंड से ही कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की पुष्टि होती है।

## सू- दोकू क्र.194

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग हैं,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.193 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## शब्द सामर्थ्य -194




## राशिफल

**मेष** आज आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। आपके काम में यदि कुछ व्यवधान आ रहे थे, तो वह भी दूर होंगे। आप किसी दूसरे के मामले में ना बोले। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आपके घर पूजा-पाठ का आयोजन होने से परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। आपकी सेहत कमजोर रहेगी, जिसके लिए आप अपने खाने-पीने पर पूरा ध्यान दें।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको शीघ्रता और भावुकता में कोई भी निर्णय लेने से बचना होगा। आपकी कार्य कुशलता में वृद्धि होगी। आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। यदि आपका कोई काम अधूरा पड़ा था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपके कार्यक्षेत्र में कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। आप अपनी कला से लोगों को हैरान करेंगे। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। दोस्तों के साथ आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपके अपने बॉस से रिश्ते भी बेहतर रहेंगे, जो आपको खुशी देंगे और आपको किसी सरप्राइज पार्टी के मिलने की संभावना है। आप किसी बात को लेकर अपने पिताजी से सलाह-मशवरा करेंगे, तभी वह मुद्दा सुलझेगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को उनकी मेहनत से अच्छा मुकाम हासिल होगा। आपके व्यक्तित्व में भी निखार आएगा। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। संतान आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती है। आपकी पद-प्रतिष्ठा बढ़ने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। ननिहाल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी खटपट हो सकती है, इसलिए आप कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलें। आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा और आपको बिजनेस में कोई शुभ सूचना सुनने को मिलेगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने आसपास रह रहे अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। सामाजिक कामों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है। आपको परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर टेंशन रहेगी और भागदौड़ भी अधिक होगी। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है।

**तुला** आज आपके कारोबार में इनकम बढ़ने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा, जो आपको खुशी देगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए किए गए प्रयास बेहतर रहेंगे। आप शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय न लें। आपको कुछ मनचाहे खर्च भी करने पड़ सकते हैं। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं।

**वृश्चिक** आज आप अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करेंगे। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो हो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आएंगे। आपको बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे और उन्हें किसी खेलकूद से संबंधित प्रतियोगिता में भी भाग लेने का मौका मिलेगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में किसी काम को करने के लिए रहेगा। आप कोई जोखिम लेने से बचें। आपको काम को लेकर कुछ चुनौतियां घेरे हुए थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा। आपको बाहर की चीजों को खाने-पीने से सावधानी बरतनी होगी। परिवार में छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**मकर** आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप रोमांटिक मूड में रहेंगे और लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। आपको कोई सम्मान-सम्मान प्राप्त हो सकते हैं। आप अपने किसी बिजनेस से संबंधित काम को लेकर कहीं बाहर भी जा सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई-लिखाई में पूरी मेहनत से जुटेंगे, तभी उन्हें परीक्षा में सफलता हासिल होगी। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कुंभ** आज का दिन रोजगार की तलाश में लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे भी आप पूरा करने के पूरे कोशिश करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी मिलने से घबराने की आवश्यकता नहीं है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं।

**मीन** आज आपको जीवनसाथी से अपने रिश्तों को बेहतर बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। यदि कोई समस्या हो, तो उसे मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। आप किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अपने भाइयों से सलाह मशवरा कर सकते हैं। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, जो आपको कुछ समस्याएं लेकर आ सकती हैं। आपको अपनी सेहत के साथ-साथ अपने खर्चों का भी लेखा जोखा रखना होगा, नहीं तो बाद में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

## एक नजर

### रजत जयंती पर लाईवलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला एवं काउंसिलिंग का आयोजन

**कांकेर 10 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा जिले के बेरोजगारों को रोजगार एवं स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए लाईवलीहुड कॉलेज कांकेर में जल वितरण संचालक, रिटेल सेल्स, सोलर पैनल तकनीशियन, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, सुरक्षा गार्ड कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदाय के लिए 10 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से काउंसिलिंग का आयोजन जाएगा। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार स्व-रोजगार की संभावनाओं से उन्हें सक्षम बनाने के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत स्व-रोजगार हेतु उपलब्ध ऋण सुविधा से अवगत कराया जाएगा। इच्छुक युवाओं आवेदन प्राप्त करने एवं युवाओं को कौशल प्रशिक्षण हेतु प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम काउंसिलिंग, रोजगार मेला, प्रमाण पत्र वितरण, ऋण मेला, उद्योगों के विशेषज्ञों का व्याख्यान, लोन के संबंध मे कार्यशाला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अधिक से अधिक युवा इसमें शामिल होकर कार्यक्रम का लाभ उठा सकते हैं।

### जिला स्तरीय आयुष निःशुल्क चिकित्सा शिविर 12 अक्टूबर को

**कांकेर 10 अक्टूबर।** आयुष विभाग कांकेर द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में क्षेत्र की नारी शक्ति को सम्मान में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' के केन्द्रीय लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु 12 अक्टूबर दिन रविवार को शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सालय परिसर कांकेर में एक दिवसीय निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्त्री रोग, शिशुरोग, किशोरी व युवतियों की बीमारी, वयस्क व युवा जन, सियान व वयोवृद्ध जन व्याधियों का आयुर्वेद पद्धति, होम्योपैथी पद्धति, यूनानी पद्धति, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से चिकित्सा एवं परामर्श सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।

### राजनैतिक दलों की बैठक में बीएलए नियुक्त करने पर हुई चर्चा

**कांकेर,10 अक्टूबर।** आयोग के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जितेन्द्र कुर्रे की अध्यक्षता में बुधवार को मतदाता सूचियों के आगामी गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदान केन्द्रवार बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने के संबंध में जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की द्वितीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को बूथ लेवल एजेंट नियुक्ति से संबंधित निर्धारित प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए आयोग के निर्देशों का गंभीरतापूर्वक पालन करने कहा गया। साथ ही समय-सीमा में बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कर सूची उपलब्ध कराने के लिए सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया। बैठक में विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### लैब टेक्नीशियन की भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन 24 अक्टूबर को

**कांकेर,10 अक्टूबर।** जिले में संचालित आईसीटीसी केन्द्र में 01 रिक्त पद लैब टेक्नीशियन की संविदा भर्ती हेतु 24 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय कांकेर में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन उसी दिन उपस्थित होकर कराना अनिवार्य होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### तुमसनार में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**कांकेर,10 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायत तुमसनार में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन हेतु इच्छुक पात्र एजेंसियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंतागढ़ ने बताया कि आवेदन वृहत्ताकार आदिम जाति बहुद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), महिला स्व सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति, अन्य सहकारी समितियां तथा राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रमों से आमंत्रित किए गए हैं। महिला स्व सहायता समूह का पंजीयन जनपद पंचायत अंतागढ़ में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के कम से कम तीन माह पूर्व का होना आवश्यक है।

---

1 नवंबर को प्रधानमंत्री करेंगे नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण

# कांग्रेस शासन में पारदर्शिता के अभाव में भ्रष्टाचार बढ़ाःरमन सिंह



**जगदलपुर 10 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर लालबाग में आयोजित स्वदेशी मेला के समापन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों से औपचारिक चर्चा में उन्होंने कहा कि शासन चलाने में पारदर्शिता होनी चाहिए, जो कि पूर्व के कांग्रेस शासन काल में नही देखी गई, जिसके चलते भ्रष्टाचार बढ़ा, नतीजतन कई नेता और अधिकारियों को जेल जाना पड़ा । उन्होंनें कहा कि बस्तर में जब भी शांति आयेगी यहां टूरिज्म बढ़ेगा और विकास की रफ्तार और तेज होगी। उन्होने कहा कि पूर्व में बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाके में एक किलोमीटर सड़क बनाने एक साल लग जाते थे, जगरगुंड़ा सड़क के मिट्टी को माथे पर लगाना चाहिए, इसके निर्माण के लिए अनेक जवानों ने शहादत दी है । उन्होंने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान बस्तर में टाटा स्टील प्लांट के नही लगने पर इसे बस्तर के लिए बड़ा नुकसान बताया, उन्होंने कहा कि टाटा ग्रुप सिर्फ स्टील प्लांट ही नही लगाता बल्कि क्षेत्र में अन्य सामाजिक काम भी करता, इससे बस्तर को बड़ा लाभ मिलता। विधानसभ अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री बनकर काम करना और विधानसभा की भूमिका निभाना दोनों अलग बात है । विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर मेरा काम पक्ष-विपक्ष के साथ निष्पक्ष संतुलन बनाए रखना चुनौती पूर्ण कार्य है। विधानसभा में प्रयास रहता है कि नये सदस्यों को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले। डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा देश का पहला विधानसभ हैं जिसमें अनुशासन का उल्लंघन करने पर सदस्य को दिनभर के लिए सदन से बाहर कर दिया जाता है। उन्होने बताया कि आगामी 1 नवम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती के अवसर पर किया नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण किया जाएगा,यह भवन नवा रायपुर में स्थित है। इसके बाद नए विधानसभा भवन में सदन का संचालन शुरु हो जायेगा,जहां हर तरह की सुविधाएं मौजूद रहेंगी। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी को नए भवन के लोकार्पण करेंगे, इनके साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश अपने गठन के 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है, इस ऐतिहासिक अवसर पर नवा रायपुर स्थित नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण न केवल प्रदेश की लोकतांत्रिक परंपराओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा, बल्कि यह क्षण छत्तीसगढ़ की प्रगति और सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने जगदलपुर के पत्रकारों को भी आंमंत्रित करते हुए कहा कि 1 नवंबर को हम सभी को नये विधानसभा भ्रमण की व्यवस्था करवायेगे। चर्चा के दौरान पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, महापौर संजय पांडे, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, रूपसिंह मंडावी रजनीश पानीग्राही सहित अन्य मौजूद थे ।

## भाजपा और भ्रष्टाचार एक दूसरे के पर्यायः सुशील मौर्य




**जगदलपुर10 अक्टूबर।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और भ्रष्टाचार अब एक दूसरे के पर्याय बन चुके हैं, वैकल्पिक बायपास आनंद ढाबा के सामने ज्योति नर्सरी, हाटकचोरा, करकापाल से हाटकचोरा तक बनी सड़क में 8 करोड़ 66 लाख 44 हजार का जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। मौर्य ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार को छुपाने भारी वाहनों का परिचालन बंद जनता को सिर्फ गुमराह कर रही है महज चार महीने पूर्व बनी इस सड़क पर अब गड्ढे बनना प्रारंभ हो चुका है और इस वैकल्पिक बायपास के नाम पर पूरे 8 करोड़ 66 लाख 44 हजार का जमकर भ्रष्टाचार किया गया है वैकल्पिक बायपास के नाम पर बनी इस सड़क की स्वीकृति कांग्रेस सरकार में की गई थी और भाजपा सरकार में द्वारा इस सड़क निर्माण में सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार किया गया है पीडब्ल्यूडी के अधिकारियो की मिलीभगत और भाजपा नेताओं के साठगांठ के चलते भ्रष्टाचार का लम्बा बंदरबांट किया गया है। मौर्य ने आगे कहा पूर्व में साढ़े तीन मीटर की सड़क पर भारी वाहनों का परिचालन होता था परंतु पूरे 8 करोड़ 66 लाख 44 हजार की लागत से बनी इस सड़क में भारी वाहन नहीं चल पा रहा है इसका जवाब भाजपा के मंत्री, सांसद और स्थानीय विधायक को सार्वजनिक रूप से देना चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी सतपाल शर्मा,नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी,गौरनाथ नाग,रविशंकर तिवारी, संजय पाणिग्रही,महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,कोमल सेना, जावेद खान,पार्षद सूर्यापानी,सुशीला बघेल,जस्टिन भवानी, लोकेश चौधरी,निकेतराज झा,अनुराग महतो,एस नीला,उस्मान रजा आदि मौजूद रहे।

## ओरुगल्लू से बस्तर तक पुस्तक का लोकार्पण



**जगदलपुर10 अक्टूबर।** जगदलपुर स्थित ऐतिहासिक बस्तर राजमहल में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के करकमलों द्वारा प्रसिद्ध इतिहासकार अरविंद आर्य और कट्टा श्रीनिवास की संयुक्त रचना ओरुगल्लू से बस्तर तक पुस्तक का विमोचन संपन्न हुआ। इस अवसर पर बस्तर के कमल चंद्र भंज देव काकतीय एवं राजमाता की गरिमामय उपस्थिति ने समारोह को ऐतिहासिक गरिमा प्रदान की। यह पुस्तक तेलंगाना की काकतीय राजधानी ओरुगल्लू (वारंगल) से लेकर मध्य भारत के बस्तर तक के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंधों का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत करती है। इसमें बस्तर दशहरा, दंतेश्वरी मंदिर की निर्माण तथा काकतीय वंश पर प्रमाणिक शोध आधारित विश्लेषण किया गया है। अपने संबोधन में डॉ. रमन सिंह ने कहा यह पुस्तक तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने वाला एक मूल्यवान ऐतिहासिक ग्रंथ है। मैं लेखक अरविंद आर्य और कट्टा श्रीनिवास को इस शोधपूर्ण प्रयास के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। कमल चंद्र भंजदेव काकतीय ने कहा'ओरुगल्लू से बस्तर तक पुस्तक ने वारंगल से बस्तर तक की सभ्यताओं के ऐतिहासिक सूत्रों को बखूबी जोड़ा है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास की एक जीवंत कड़ी सिद्ध होगी।

## आइईडी विस्फोट में आदिवासी बालक गंभीर रूप से घायल

**बीजापुर 10 अक्टूबर।** थाना गंगालूर के पीड़िया क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आया, जहां माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आकर एक मासूम आदिवासी बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना माओवादी हिंसा की अमानवीयता को दर्शाती है, जिसमें निर्दोष ग्रामीणों को बार-बार निशाना बनाया जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से जिले के अंदरूनी इलाकों में माओवादियों के द्वारा लगाये गए आइईडी विस्फोटों की घटना में आम नागरिकों को क्षति उठानी पड़ रही है। इस घटना के बाद स्थानीय आदिवासी समुदाय में माओवादियों के विरुद्ध गहरा आक्रोश व्याप्त है। केरिपु 199 एवं 85 वाहिनी के द्वारा घायल बालक को प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए जिला अस्पताल लाया गया है, जहां उपचार जारी है। सुरक्षा बलों के द्वारा आसपास सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। ताकि क्षेत्र को सुरक्षित किया जा सके। घटना की पुष्टि बीजापुर एसपी ने की है।



**गंगालूर थाना के पीडिया गांव का मामला, बालक को बेहतर उपचार के बीजापुर लाया जा रहा है**


## समाचार संक्षेप

### आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने आरसेटी दे रहा राजमिस्त्री प्रशिक्षण



**कांकेर 10 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मण्डावी द्वारा जिले के सुदूर वनांचल ब्लॉक अंतागढ़ का दौरा बुधवार 08 अक्टूबर को किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत टेमरूपानी में आरसेटी कांकेर द्वारा संचालित किए जा रहे राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया। उक्त प्रशिक्षण 35 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा 30 दिवसीय ऑफ कैंपस प्रशिक्षण लिया जा रहा है। आरसेटी कांकेर से ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत इन सभी प्रशिक्षुओं को प्रधानमंत्री आवास एवं पंचायत के अन्य निर्माण कार्यों में लगाकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में राज मिस्त्रियों की कमी को देखते हुए आरसेटी कांकेर एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से उक्त प्रशिक्षण को सफल बनाया जा रहा है। इसके पश्चात आरसेटी कांकेर द्वारा ऑन कैंपस प्रशिक्षण जिला मुख्यालय कांकेर में भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवास के कार्य में गति आएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अंतागढ़ श्री एएस पैकरा, जनपद पंचायत की सीईओ सुश्री साहू सहित प्रशिक्षुगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने कोसरोंडा में मेंड़की नदी पर निर्माणाधीन उच्चस्तरीय पुल व सड़क निर्माण का किया निरीक्षण



**कांकेर, 10 अक्टूबर।** जिले के कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर अंतागढ़ क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अंतागढ़ के ग्राम पोटगांव से टेमरूपानी तक की सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने मौके पर निर्माण कार्य की तकनीकी जानकारी ली तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य को गुणवत्ता को उचित मापदण्डानुसार पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मण्डावी भी उपस्थित थे। तदुपरांत अधिकारी द्वय ने मावा मोदोल योजना अन्तर्गत निर्माणाधीन कोचिंग सेन्टर का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात् उनके द्वारा कोसरोंडा-कोयलीबेड़ा के मध्य मेंड़की नदी पर प्रगतिरत उच्च स्तरीय पुल का निरीक्षण किया गया, जिसे समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अंतागढ़ के अपर कलेक्टर श्री ए.एस. पैकरा, कार्यपालन अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित अन्य अधिकारीगण मौके पर मौजूद थे।

---

माता रुक्मणि कन्या आश्रम डिमरापाल में किया गया है आयोजन

# शिविर में बस्तर संभाग के 35 स्काउट व गाइड हुए शामिल



**जगदलपुर, 10 अक्टूबर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार राज्य पुरस्कार प्राप्त करने वाले स्काउट एवं गाइड का जांच शिविर 2025 माता रुक्मणी कन्या आश्रम डिमरापाल जगदलपुर में दिनांक 07 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप का शुभारंभ अध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बस्तर एवं माता रुक्मणी सेवा संस्थान के संचालक पद्मश्री धर्मपाल सैनी के मुख्य आतिथ्य एवं विनोद चंद्र जोशी के अध्यक्षता में किया गया। शुभारंभ अवसर पर शिविर संचालक श्याम लाल शोरी ने बताया कि शिविर में बस्तर संभाग के 09 स्काउट एवं 37 गाइड सम्मिलित हुए, जिनका मौखिक, व्यवहारिक एवं लिखित परीक्षा लेकर राज्य पुरस्कार हेतु चयनित किया जाएगा । 03 साल के स्काउट गाइड गतिविधियों में संलग्न होते हुए सभी बच्चे प्रवेश, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सोपान पाठ्यक्रम को पूर्ण कर राज्य पुरस्कार जांच शिविर में शामिल हुए हैं।

मुख्य अतिथि पद्मश्री धर्मपाल सैनी ने बताया कि स्काउट गाइड से बच्चों में अनुशासन की भावना विकसित होती है जिससे स्वयं एवं देश के प्रति अपने कर्तव्यों का कुशलतापूर्वक दायित्व निर्वहन करते हैं। इस संस्थान में राज्य पुरस्कार जांच शिविर के आयोजन से हमारे संस्था के बच्चों को प्रेरणा एवं अनुशासन की भावना जागृत होगी। विनोद चंद्र जोशी ने भी अपने उद्बोधन के माध्यम से राज्य पुरस्कार हेतु बच्चों को प्रेरित किया। शिविर संचालक मण्डल में शिविर संचालक श्याम लाल शोरी, जिला मुख्य आयुक्त दंतेवाड़ा, सहायक शिविर संचालक किरण ठाकुर डीओसी कांकेर, मुख्य परिक्षक दशरू राम यादव डीओसी बस्तर, सहायक लिलेश कुमार देवांगन, घाटलोहंगा बस्तर, सहायक गायत्री पटेल दंतेवाड़ा शामिल हैं। शिविर में प्रभारी के रूप में ऋषिदेव सिंह कोण्डागांव, मीरा हिरवानी, डी नेताम, जयंती लोहना, कंचन विश्वकर्मा, गीतांजलि पुजारी, रेखा जायसवाल शामिल हुए। उद्घाटन कार्यक्रम संचालन लिलेश देवांगन जिला सचिव जगदलपुर द्वारा किया गया। उद्घाटन पश्चात् ही छात्रों की परीक्षा प्रारम्भ हो गई प्रथम दिवस गणवेश परिक्षण एवं प्रवेश पाठ्यक्रम जांच परीक्षा आयोजित हुई। द्वितीय दिवस प्रातः बी पी सिक्स की परीक्षा आयोजित हुई, प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान तथा तृतीय सोपान जाँच परीक्षा हुई। तृतीय दिवस प्रातः 9.30 से 11.30 तक बस्तर सहित तीन संभागों में एक साथ परीक्षा आयोजित किया गया।

---

# संस्कृति विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय बस्तर में खोलने के लिए डॉ रमन को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर 10 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य के भूतपूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह तथा वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रायपुर का आज दो दिवसीय प्रवास जगदलपुर में था, इस दौरान बस्तर माटी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्रही तथा मीडिया के एस.करीमुद्दीन ने संस्कृति विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में तथा सरगुजा में हो इस आशय का एक ज्ञापन आज गुरूवार को डॉ. रमन सिंह को सर्किट हाउस में सौंपा है द्य वरिष्ठ साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्रही ने बताया कि बस्तर संभाग में अनेक साहित्यकार और रचनाकार है जो राष्ट्रीय स्तर पर सेमिनार अथवा सम्मेलनों में प्रतिनिधित्व करने से वंचित रह जाते



हैं, यही नहीं राज्य स्तर के कार्यक्रमों में भी शामिल नहीं किया जाता और ना ही आमंत्रित किया जाता है द्य इस तरह अनेक अवसर पर बस्तर तथा सरगुजा संभाग के रचनाकार,

साहित्यकार, संस्कृति कर्म , राज्य स्तरीय साहित्यिक आयोजनों से वंचित कर दिया जाता है द्य उन्होने बताया कि 1 नवंबर 2025 छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य सरकार ने रजत जयंती वर्ष की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य राज्य की विकास यात्रा और जनकल्याण की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम राज्य में आयोजित किया जाना है, इस दौरान बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में राष्ट्रीय स्तर का साहित्य सम्मेलन शासन स्तर से आयोजित किए जाने हेतु डॉ रमन सिंह से अनुरोध किया है तथा भविष्य में सतत कार्यक्रम हो इसके लिए संस्कृति विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय भी बस्तर और सरगुजा जिले में स्थापित किए जाने का निवेदन लिखित में किया है द्य इस अवसर पर डा. रमन सिंह को बस्तर दशहरा, टाइगर बॉय चेन्दरु तथा पर्यटन विशेष आओ बस्तर चलें नामक पुस्तकें भेंट की गई।

---

पुरानी पेंशन लागू होने से अन्य कर्मचारियों को इसका लाभ मिल रहा है, लेकिन एलबी संवर्ग के शिक्षक इसके लाभ से वंचित है

# टीचर्स एसोसिएशन ने पेंशन निर्धारण करने की मांग की

**जगदलपुर 10 अक्टूबर।** बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर प्रवास पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन व भूतपूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बस्तर संभाग के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर शिक्षकों की बहु प्रतिक्षित मांग एल बी संवर्ग के शिक्षकों को संविलियन पूर्व की सेवा की गणना कर पेंशन निर्धारण करने की मांग छत्तीसगढ़ शासन से की द्य प्रतिनिधि मंडल ने बताया की 1998 से पंचायत विभाग में सेवा दे रहें शिक्षार्मियों को रमन सिंह की सरकार द्वारा 2018 में शिक्षा विभाग में संविलियन किया गया था द्य शिक्षाकर्मियों की नई और पुरानी सेवा के सेवा शर्तो पर अधिकारी नियमों को ताक में रख कर अपनी सुविधा अनुसार व्याख्या करते आ रहें है द्य संघ ने मध्यप्रदेश सरकार, केन्द्र सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार व उत्तराखंड सरकार के आदेशों का हवाला देते छत्तीसगढ़ सरकार से न्याय की मांग की है।



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बस्तर संभाग के पदाधिकारियों ने बताया कि पेंशन को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार का पेंशन नियम 1976 में परिभाषित जो दिनाँक 01/01/1996 से प्रभावशील है के अनुसार 33 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर पूर्ण पेंशन यानि मूल वेतन का 50 प्रतिशत तथा 33 वर्ष से कम होने पर अनुपात के अनुसार कम पेंशन का प्रावधान है द्य इस नियम के तहत एल बी संवर्ग के शिक्षक जो कि 1998 से ग्रामीण एवं पंचायत विभाग में नियमित रूप से सेवाएं दे रहें थे को 2018 में शिक्षा विभाग में आने के बाद उनकी पुरानी सेवा को शून्य घोषित कर पूर्ण पेंशन से वंचित कर कम पेंशन के निर्धारण की मंशा से कार्य किया जा रहा है द्य जबकि शिक्षाकर्मी 1998 से मध्यप्रदेश शासन काल से अपनी सेवाएं देते आ रहें हैद्य मध्यप्रदेश सरकार का पेंशन 1964 के अनुसार स्थानीय निकाय के अंतर्गत की गई सेवा को शासकीय सेवा के समतुल्य पेंशन योग्य माना गया है यानि पूर्ण पेंशन देने का प्रावधान है वहीं भारत सरकार के आदेश पेंशन मंत्रालय 2009 में 33 वर्ष की सेवा की अनिवार्यता को समाप्त कर 20 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पेंशन का प्रावधान है इसी के अनुसरण में उत्तरप्रदेश सरकार में पेंशन नियम 2009 व उत्तराखंड के पेंशन आदेश 2010 में भी 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन ( अन्तिम वेतन का 50 प्रतिशत ) का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों के मांग एवं आंदोलन के बाद छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राजपत्र 11 मई 2022 को प्रकाशित कर जिसमें एनपीएस (अंशदायी पेंशन ) योजना के स्थान पर नवंबर 2004 से भूतलक्षीय प्रभाव से पुरानी पेंशन लागु किया गया है द्य पुरानी पेंशन लागु होने से अन्य कर्मचारियों को इसका लाभ मिल रहा है, लेकिन एलबी संवर्ग के शिक्षक इसके लाभ से वंचित है।

छत्तीसगढ़ सरकार के पेंशन नियम में पुरानी पेंशन के 33 वर्ष होने पर ही पूर्ण पेंशन व 1998 से 2017 तक कार्यरत शिक्षाकार्मियों की पुरानी सेवा गणना को शून्य मानने व 2018 में संविलियन से सेवा की गणना करने के कारण पुनः शिक्षाकर्मी ( एल बी संवर्ग शिक्षक ) अल्प पेंशन पर आ गए है द्य इसको लेकर पुराने शिक्षकों में व्यापक रूप से नाराजगी दिख रही है द्य सरकार द्वारा बार-बार छले जाने से शिक्षकों में आक्रोश है।

एक नजर

### नगर में भूतपूर्व सैनिकों का सम्मेलन आयोजित

**राजनांदगांव 10 अक्टूबर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव के परिसर में भूतपूर्व सैनिकों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन श्री ब्रिजेश कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त) उपस्थित थे। अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा ने पूर्व सैनिकों को किसी भी प्रकार की समस्या के निवारण के लिए संपर्क करने कहा। उन्होंने सेवा निवृत्त के पश्चात जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में समय पर पंजीयन कराने तथा पूर्व सैनिक पहचान पत्र प्राप्त करने, स्थायी पते को ठीक से रखने, पीपीओ पेंशन बुक में अपने उत्तराधिकारी का विवरण तथा भविष्य में पेंशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए जन्मतिथि, संयुक्त खाता सहित अन्य जानकारी अद्यतन रखने की सलाह दी। इस दौरान भूतपूर्व सैनिक एवं कार्यालय के स्टाफके सदस्य उपस्थित थे।

### लोक सेवा गारंटी अंतर्गत 197 समय-सीमा के बाहर के आवेदनों का किया गया निराकरण

**राजनांदगांव 10 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने समय-सीमा के बाहर के राजस्व प्रकरणों एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हेतु एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने समय-सीमा के बाहर के सभी लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु कड़े निर्देश दिए। समीक्षा के बाद समय सीमा के बाहर के अविवादित नामांतरण-09, अविवादित खाता विभाजन-01, अविवादित नामांतरण-29, विवादित खाता विभाजन-01, सीमांकन-02, त्रुटि सुधार-19 कुल 61 राजस्व प्रकरणों का निराकरण तथा लोक सेवा गारंटी अंतर्गत 197 समय-सीमा के बाहर के आवेदनों का निराकरण हुआ है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को कोई दिक्कत नहीं हो, इसे ध्यान में रखते हुए राजस्व अधिकारी तत्परता एवं सक्रियता के साथ राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।

### पीएम आवास योजना के तहत केशव को मिला पक्का आवास

**राजनांदगांव 10 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना से दूरस्थ क्षेत्रों तक देश भर में बदलाव की एक बयार है। आर्थिक दृष्टि से कमजोर तथा जरूरतमंदों के लिए पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। इस योजना से जरूरतमंदों को हौसला और मदद मिल रही है। खुशियों का आशियाना मिलने पर जनसामान्य की जिंदगी बदल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में दूरदराज तक यह योजना सफलता की नई इबारत लिख रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जोरातराई के श्री केशव साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया आवास बनने से उनकी चिंता दूर हो गई है।

60 लाख के दो डोम शेड़, 35 लाख के पांच महतारी घाट सहित

# नपं अध्यक्ष ने किया 95 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन



**चारामा 10 अक्टूबर।** नगर पंचायत चारामा के समता रंगमंच एवं सांस्कृतिक भवन के सामने डोम शेड़ निर्माण कार्य और महतारी घाट योजना के तहत नगर के विभिन्न जगहों पर घाट निर्माण कार्य का गुरूवार को नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज द्वारा पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। समता रंगमंच एवं सांस्कृतिक भवन कोरर चैक के सामने डोम शेड़ निर्माण कार्यो की कुल लागत राशि 60 लाख रू. है वही महतारी घाट के तहत नगर के पांच विभिन्न जगहों में महानदी शिव मंदिर के पास, भाठापारा तालाब शिव मंदिर के पास, सरार तालाब शिव मंदिर के पास तथा नैनी नदी के किनारे महतारी घाट निर्माण कार्यो की कुल लागत राशि 35 लाख रू. है। उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सहित संतोष ओझा नेता प्रतिपक्ष, रानू कमलेश सेन सभापति लोक निर्माण विभाग, उत्तम साहू पार्षद वार्ड क्र. 13, लोकेश नागवंशी पार्षद वार्ड क्र. 14, श्रीमती चंद्रिका देवांगन पार्षद वार्ड क्र. 10, श्रीमती कविता साहू पार्षद वार्ड क्र. 1, संदीप मेश्राम पार्षद वार्ड क्र. 9, अशोक सोनी पार्षद वार्ड क्र. 12, नगर पंचायत के उपअभियंता हरीश कुमार ध्रुव एवं समस्त स्टाफ तथा पूर्व पार्षदगण उपस्थित थे।

### तहसीलों में किया जा रहा ऋण पुस्तिका का वितरण

**राजनांदगांव 10 अक्टूबर।** भू-अभिलेख शाखा राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में पटवारियों द्वारा ऑनलाईन रिकार्ड में समय-सीमा में सुधार कार्य किया जा रहा है। साथ ही विगत महीनों में सभी तहसीलों में ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया है। जिसमें राजनांदगांव तहसील में 600, छुरिया तहसील में 500, घुमका तहसील में 100, डोंगरगढ़ तहसील में 300, लाल बहादुर नगर में 200, डोंगरगांव तहसील में 400 एवं कुमरदा तहसील में 300 नग ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया है। ऋण पुस्तिका के लिए उच्च कार्यालय को पत्र प्रेषित किया गया है।

नागरिकों में बढ़ा भय,अस्पतालों में वैक्सीन का भी अभाव

# किरंदुल नगर में आवारा कुत्तों का आतंक

**किरंदुल 10 अक्टूबर।** किरंदुल नगर इन दिनों आवारा कुत्तों के आतंक से जूझ रहा है। नगर की गलियों, चौक-चौराहों और बाजारों में दिन-प्रतिदिन बढ़ती कुत्तों की संख्या ने आम नागरिकों का जीना दूभर कर दिया है। लोगों के मन में कुत्तों के हमले का भय लगातार बढ़ता जा रहा है।

आवारा कुत्तों का झुंड गलियों में खुलेआम घूमता नजर आता है। कई लोगों पर हाल ही में कुत्तों ने हमला किया और उन्हें गंभीर चोटें आईं। नगर अस्पतालों में एंटी-रेबीज वैक्सीन की भारी कमी से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई पीड़ितों को बाहर से वैक्सीन मंगवानी पड़ी या जड़ी-बूटी से इलाज कराना पड़ा। शासन-प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर जनता में आक्रोश।

हाल ही में नगर के कई वार्डों में कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आई हैं। पीड़ित जब अस्पताल पहुंचे तो उन्हें यह जानकर निराशा हुई कि एंटी-रेबीज इंजेक्शन (वैक्सीन) वहां उपलब्ध नहीं था। मजबूर होकर कई लोगों ने आयुर्वेदिक घरेलू इलाज या बाहर से वैक्सीन मंगवाकर उपचार करवाया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका और स्वास्थ्य विभाग की यह गंभीर लापरवाही है। जहां एक ओर आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर कुत्तों के काटने से बचाव के लिए आवश्यक दवाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। यह स्थिति किसी भी समय बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है।



**नगरवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि-**

- आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर तुरंत नियंत्रण किया जाए।
- अस्पतालों में एंटी–रेबीज वैक्सीन की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।
- नगर पालिका द्वारा नियमित अभियान चलाकर कुत्तों की नसबंदी और नियंत्रण कार्य को प्राथमिकता दी जाए।
- यह स्थिति न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा का प्रश्न है बल्कि प्रशासनिक संवेदनशीलता की भी परीक्षा है। आम जनता ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सुधार नहीं किया गया, तो वे सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराने को मजबूर होंगे।
- किरंदुल की जनता आज एक ही सवाल पूछ रही है — आखिर कब मिलेगी कुत्तों के आतंक से मुक्ति और अस्पतालों में दवा का भरोसा।

#### बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बढ़ा

कुत्तों का झुंड सुबह और शाम के समय सड़कों पर इकट्ठा होकर लोगों पर भौंकता और हमला करता देखा गया है। विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक भय में हैं।

नागरिकों ने अपील की है कि बच्चों को अकेले बाहर न भेजें और कुत्तों से दूरी बनाए रखें। प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

# भाभाशाह चौक से अंग्रेजी शराब दुकान को तत्काल हटाया जाए : सुशील शर्मा

**भाटापारा 10 अक्टूबर।** पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव,जिला सचिव सचिन शर्मा,युवा कांग्रेस नेता आदिल चनेजा ने कलेक्टर दीपक सोनी एव जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल को ज्ञापन सौप कर भाटापारा के हदय इस्थल भाभाशाह चौक पर नगर पालिका परिषद कॉम्प्लेक्स के दुकान में संचालित अंग्रेजी प्रियम शराब दुकान को तत्काल अन्यंत्र हस्तांतरित करने की मांग की,सुशील शर्मा ने कहा कि छ ग नगर पालिका अधिनियम 1961 एव 1985 के तहत नगर पालिका के द्वारा आबंटित



दुकान में शराब और मांस का विक्रय करना निषेध है किंतु आबकारी विभाग के अधिकारियों ने नियमों के खिलाफ जाकर जन भावनाओं की परवाह न करते हुये अपनी तुगलकी नीति लागू कर अंग्रेजी प्रियम शराब दुकान संचालित कर दिया है,विदित हो कि संचालित शराब दुकान के पास हनुमान मंदिर,साई बाबा मंदिर,आर्यावत स्कूल,गुरुकुल स्कूल,कीटजी स्कूल,मार्डन स्कूल सहित साहू समाज का छात्रावास संचालित है साथ ही साथ हजारों नागरिकों का लगातार आना जाना लगा रहता है।

जिलाधीश ने जांच कर तत्काल कार्यवाही करने का आश्वाशन दिया है यदि प्रशासन सात दिवस के अंतर्गत शराब दुकान को नहीं हटाती तो जन आंदोलन करने बाध्य होना पड़ेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी ।

# लापरवाह शिक्षकों पर हो रही कार्रवाई

**राजनांदगांव 10 अक्टूबर।** शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार शालाओं को प्रतिवर्ष छात्रों की दर्ज संख्या अनुसार शाला अनुदान राशि प्राप्त होती है। जिसका व्यय शाला प्रमुख द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से किया जाता है। वर्ष 2024-25 में शालाओं का रंगरोगन एक ही स्वरूप में कराया गया है। जिला एवं विकासखंड स्तर पर किसी भी प्रकार की मैन्युअल ट्रेनिंग संचालित नहीं हुई है। अकारण स्कूल से नदारत रहने वाले शिक्षक को वेतन भुगतान नहीं किया गया है, बल्कि अनुपस्थित अवधि के वेतन की कटौती की जा रही है। शराब का सेवन कर स्कूल आने वाले शिक्षकों को नोटिस तथा कड़ी चेतावनी दी गई है। उसके बावजूद शिक्षक द्वारा शराब का सेवन कर स्कूल आने वाले शिक्षकों पर कड़ी अनुशासनात्मक तथा दण्डात्मक कार्रवाई जारी है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ ने बताया कि डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत वर्तमान में 1 शिक्षक तथा 1 सहायक शिक्षक, 2 प्रधान पाठक को निलंबित किया गया है। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला तोतलभर्री के शिक्षक शामिल है। युक्तियुक्तकरण के पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला घोटिया के सहायक शिक्षक श्री चेतन राम बघेल ने अस्वस्थता के संबंध में 4 माह से मेडिकल प्रस्तुत किया। लघुकृत अवकाश समाप्त होने पर संबंधित सहायक शिक्षक ने अवैतनिक हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इनको भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा इनका आज पर्यंत वेतन आहरण नहीं हुआ है। कुछ शिक्षकों द्वारा हर्बल दवाई बेचने के संबंध में अब तक कार्यालय को कोई भी सूचना या शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

## व्यापार

एक नजर

### नितिन गडकरी ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर विंडसर इंस्पायर एडिशन का अनावरण किया

रायपुर 10 अक्टूबर। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज विंडसर इंस्पायर एडिशन लॉन्च की घोषणा की। यह देश में विंडसर की उल्लेखनीय यात्रा के एक साल पूरे होने पर बनाया गया भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली ईवी का एक सीमित संस्करण है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, श्री नितिन गडकरी द्वारा दिल्ली स्थित उनके आवास पर इसका अनावरण किया गया। यह संस्करण विंडसर की सफलता और भारत की तेजी से आगे बढ़ रही ईवी यात्रा दोनों का जश्न मनाता है। सतत परिवहन के मजबूत पक्षधर, श्री गडकरी भारत की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी रोडमैप के प्रेरणा स्रोत हैं। छत्तीसगढ़ ने मजबूत मांग, तेज डिलीवरी और स्मार्ट बचत के साथ अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 का जश्न मनायाछत्तीसगढ़, 10 अक्टूबर 2025: अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल ने छत्तीसगढ़ के ग्राहकों और विक्रेताओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी है, जिसमें स्मार्टफोन्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, रोजमर्रा की जरूरतें, ग्रॉसरीज़ और बड़े उपकरणों जैसी श्रेणियों में मजबूत वृद्धि हुई है। रायपुर में ग्राहकों को अब ऑर्डर तेजी से मिल रहे हैं, जहां 1-दिन में डिलीवरी 90त्न से अधिक बढ़ी है जबकि बिलासपुर में 2-दिन की डिलीवरी में साल दर साल तीन गुना वृद्धि हुई है , ग्राहक अब 6 अक्टूबर से शुरू होने वाले बहुप्रतीक्षित दीवाली स्पेशल डील्स और ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं ।

### बायोमेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम बीआरसीपी के तीसरे चरण को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली 10 अक्टूबर (एजेंसी)।** भारत जैव प्रौद्योगिकी-संचालित क्रांति के मुहाने पर खड़ा है, जहां जैव चिकित्सा अनुसंधान राष्ट्रीय विकास और वैश्विक नेतृत्व की आधारशिला के रूप में उभर रहा है। पिछले एक दशक में, जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने आत्मनिर्भर भारत, स्वस्थ भारत, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे प्रमुख राष्ट्रीय मिशनों के साथ नवाचार, उद्यमिता और क्षमता निर्माण को गति दी है। इन निरंतर प्रयासों ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती जैव-अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना दिया है। इस गति को आगे बढ़ाते हुए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बायोमेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी है, जिसे 2025-26 से 2030-31 के दौरान लागू किया जाएगा और इसकी सेवा अवधि 2037-38 तक बढ़ाई जाएगी। बीआरसीपी का उद्देश्य जैव चिकित्सा, इलाज से जुड़ी पढ़ाई और जन स्वास्थ्य से जुड़े शोध के लिए एक बेहतरीन रिसर्च सिस्टम तैयार करना है। यह कार्यक्रम वैज्ञानिकों को उनके करियर के विभिन्न चरणों में फेलोशिप और सहयोगी अनुदानों के माध्यम से सहायता प्रदान करता है ।

ऑटोमोबाइल सेक्टर में दुनिया में भारत तीसरे स्थान पर

# 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा भारतः केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली 10 अक्टूबर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के 120वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं है। इसे पर्यावरण संरक्षण और मूल्य आधारित सामाजिक व्यवस्था के साथ-साथ चलना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर में बड़ा बदलाव आया है और यह जापान को पछाड़कर दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है, जो कि 2014 में 7वें स्थान पर था।

केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, अब 22 लाख करोड़ रुपए से अधिक के टर्नओवर के साथ, भारत तेजी से दुनिया का ऑटोमोबाइल हब बन रहा है, और बायोफ्यूल, इथेनॉल, मेथनॉल, बायोडीजल, एलएनजी और हाइड्रोजन में तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा कृषि में किए जा रहे वैल्यू एडिशन के बारे में भी चर्चा की।

#### मक्के से इथेनॉल उत्पादन

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मक्के से इथेनॉल उत्पादन की अनुमति देने से न केवल किसानों की आय बढ़ी है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिला है। मक्के से इथेनॉल उत्पादन को मंजूरी देने से उत्तर प्रदेश और बिहार में किसानों की आय में काफी वृद्धि हुई है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के 45,000 करोड़ रुपए से अधिक का फायदा हुआ है।

उन्होंने प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के माध्यम से बीजों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और छोटे व



सीमांत किसानों को सशक्त बनाने के लिए मशीनीकरण में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य खाद्य सुरक्षा से आगे बढ़कर कृषि के सभी पहलुओं में पोषण सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को भी शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने चावल और गेहूं का अधिशेष उत्पादन हासिल कर लिया है और अगला लक्ष्य दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता हासिल करना है।

#### सरकार का ध्यान खाद्य उत्पादन और किसान कल्याण पर

इसी कार्यक्रम में एक अन्य सत्र में बोलते हुए, केंद्रीय कृषि मंत्री कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत की लगभग 46 प्रतिशत आबादी कृषि क्षेत्र में कार्यरत है और सरकार का ध्यान खाद्य उत्पादन और किसान कल्याण में आत्मनिर्भरता पर केंद्रित है। उन्होंने कहा, खाद्य सुरक्षा को किसानों की समृद्धि के साथ–साथ चलना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे किसान न केवल देश का पेट भरें, बल्कि सम्मान और स्थिरता के साथ कमाई भी करें।

# कॉम्प्लेक्स फर्टिलाइजर्स की ओर बढ़ रहा देश

**नई दिल्ली 10 अक्टूबर (एजेंसी)।** कॉम्प्लेक्स फर्टिलाइजर्स के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार कई नीतियों पर काम कर है। ऐसे में माना जा रहा है कि भारत में कॉम्प्लेक्स फर्टिलाइजर्स की मात्रा चालू वित्त वर्ष में 2-4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष आयात उपलब्धता से जुड़ी समस्याओं, भू-राजनीतिक व्यवधानों और उच्च आधार के बीच 9 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई थी।

कॉम्प्लेक्स फर्टिलाइजर्स एक प्रकार का उर्वरक है जो पौधों को एक साथ कई आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है, जैसे कि नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम। इनसे पौधों के स्वस्थ विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति, जड़ विकास में सुधार और फसल की उपज व गुणवत्ता में वृद्धि शामिल है।

**क्या कहती है रिपोर्टः** वहीं इसे लेकर क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थिर लाभप्रदता, अपेक्षित अतिरिक्त सब्सिडी आवंटन और समय पर वितरण के कारण उर्वरक निर्माताओं की क्रेडिट प्रोफाइल स्थिर रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार द्वारा सब्सिडी आवंटन में वृद्धि जटिल उर्वरक निर्माताओं की कार्यशील पूंजी की आवश्यकता को स्थिर रखेगी और उनके क्रेडिट प्रोफाइल को समर्थन प्रदान करेगी। विश्लेषकों ने संकेत दिया है कि सप्लाई में व्यवधान के कारण कच्चे माल की बढ़ती कीमतें सब्सिडी आवश्यकताओं को बढ़ा सकती है। यह धीमी गति डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और प्रमुख कच्चे माल के लिए आयात पर भारी निर्भरता के कारण है। डीएपी की लगभग 60 प्रतिशत जरूरतें आयात से पूरी होती हैं, जबकि एक अन्य प्रमुख उर्वरक नाइट्रोजन फॉस्फोरस पोटेशियम (एनपीके) का उत्पादन स्थानीय स्तर पर ही होता है। कुल घरेलू उर्वरक खपत में एक तिहाई हिस्सा कॉम्प्लेक्स फर्टिलाइजर्स का है।

# भारत का स्मार्टफोन निर्यात 59 प्रतिशत बढ़ा पहली छमाही में 13.4 अरब डॉलर तक पहुंचा

**नई दिल्ली 10 अक्टूबर (एजेंसी)।** उद्योग के अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत का स्मार्टफोन निर्यात 13.4 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 8.5 अरब डॉलर से 59 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह वृद्धि मुख्य रूप से पीएलआई योजना के तहत आईफोन उत्पादन की वजह से देखी गई है। एप्पल का आईफोन निर्यात लगभग 10 अरब डॉलर का रहा, जो वर्ष की पहली छमाही में किए गए कुल निर्यात का 75 प्रतिशत से अधिक था।



सितंबर में अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात में तीन गुना वृद्धि ने कुल निर्यात को 1.7 अरब डॉलर तक पहुंचा दिया, जो वित्त वर्ष 2025 की तुलना में अब तक की सबसे अधिक मासिक वृद्धि है। सितंबर 2024 में 923 मिलियन डॉलर के निर्यात की तुलना में सितंबर में निर्यात 87 प्रतिशत बढ़ा। अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात पिछले वर्ष सितंबर में 258 मिलियन डॉलर से बढ़कर पिछले महीने रिकॉर्ड 900 मिलियन डॉलर हो गया, जब अमेरिका का कुल स्मार्टफोन निर्यात में 52.3 प्रतिशत हिस्सा था। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के एक हालिया बयान के अनुसार, अपकमिंग प्रोडक्ट लॉन्च और शेड्यूल्ड मशीन रेट्रोफिट के कारण अगस्त और सितंबर आमतौर पर सबसे कम निर्यात वाले महीनों में से होते हैं। दुनिया भर के उपभोक्ता भी इस अवधि के दौरान नए मॉडल और पुराने वर्जन पर डिस्काउंट की वजह से खरीदारी रोक देते हैं। निर्यात आमतौर पर अक्टूबर के मध्य तक फिर से बढ़ जाता है। एप्पल के लिए पीएलआई योजना मार्च 2026 में समाप्त हो रही है जबकि सैमसंग के लिए यह वित्त वर्ष 25 में ही समाप्त हो चुकी है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में सैमसंग के स्मार्टफोन निर्यात में गिरावट दर्ज की गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स, खासकर स्मार्टफोन, इस वर्ष भारतीय निर्यात के लिए एक रेयर ब्राइट स्पॉट रहे हैं।


**शपथ पत्र**

मैं चंद्रवती जांगल पति धरमपाल जांगल, आयु 46 वर्ष, निवासी दन्तेवाड़ा, तहसील दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा राज्य छत्तीसगढ़ शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन व्यक्त करती हूं कि:-

यह कि मेरी पुत्री वंशिका जांगल वर्तमान में कक्षा ग्यारहवी में अध्ययनरत है।

यह कि मेरी पुत्री ने कक्षा दसवी के अंकसूची में मेरा (माता) नाम लक्ष्मी जांगल (LAXMI JANGAL) अंकित है जो कि मेरा बोलचाल का नाम है।

यह कि मेरा वास्तविक नाम चन्द्रवती जांगल (CHANDRAVATI JANGAL) है जो कि सत्य एवं सही है जो कि मेरे आधार कार्ड, पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र, तथा मेरी पुत्री के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों दर्ज दर्ज नाम से प्रमाणित है।

यह कि लक्ष्मी जांगल (LAXMI JANGAL) एवं चन्द्रवती जांगल (CHANDRAVATI JANGAL) दोनो ही नाम एक ही व्यक्ति मेरे होने के समर्थन में प्रस्तुत है।

यह कि शपथ पत्र का निष्पादन उपरोक्त कथन के समर्थन में प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
चंद्रवती



**कार्यालय नगर पंचायत बारसूर, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
EmailId : barsoorcmo@gmail.com

क्रमांक/756/लो.नि.शा./न.प./2025-26 | बारसूर, दिनांक 08/10/2025

**-::ई-प्रोक्युरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना::-**
**Main Portal: (https://eproc.cgstate.gov.in)**

नगर पंचायत बारसूर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 177291 | स्ट्रीट लाईट स्थापना कार्य पुलिस थाना से जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर तक | 13.37 | 30.10.2025 |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के मेन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है साथ ही अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से संपर्क की जा सकती है अथवा कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत बारसूर**
**जिला-द.ब.दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

# एम्स रायपुर में 11 साल बाद पार्किंग शुल्क लागू, मरीजों और परिजनों में भारी नाराजगी

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में 11 वर्षों के बाद एक बार फिर पार्किंग शुल्क वसूली शुरू कर दी गई है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों में आक्रोश की लहर है। रोज़ाना करीब 4,000 मरीजों की ओपीडी में आमद वाले इस प्रतिष्ठित संस्थान में अब परिसर में प्रवेश करते ही 10 से 50 रुपये तक की वसूली की जा रही है।




पार्किंग शुल्क को लेकर मरीज और उनके साथ आए लोग कर्मचारियों से उलझते दिख रहे हैं। दूसरी ओर, ऑटो चालकों ने भी किराया 30 से 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है, जिससे इलाज के लिए आने वालों पर आर्थिक बोझ और बढ़ गया है। एम्स प्रबंधन का कहना है कि वाहनों की अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यह ठेका दिया गया है, लेकिन अस्पताल में आने वालों का कहना है कि इलाज से पहले पार्किंग शुल्क देना अब एक नई परेशानी बन गया है। कई मरीजों ने बताया कि कर्मचारियों से सवाल पूछने पर धमकाया भी जा रहा है।

परिसर में जगह-जगह 'एसएस मल्टीसर्विसेस एम्स रायपुर' नामक कंपनी के बैनर लगे हैं, जो पेड़ों, दीवारों और पुलिस बैरिकेड्स तक पर देखे जा सकते हैं। बिना शुल्क चुकाए अस्पताल में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है, जिससे गेट पर मरीजों को लंबी बहस करनी पड़ रही है। एक मरीज ने गुस्से में कहा, हम पहले ही इलाज के लिए जूझ रहे हैं, ऊपर से ये नया खर्चा और तकरार। पहले ऐसा कभी नहीं था। ठेकेदार की आपराधिक पृष्ठभूमि को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, चीना पांडे लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है और उस पर जिला बदर की कार्रवाई भी हो चुकी है। अब उसके लोग एम्स जैसे संवेदनशील स्थान पर तैनात हैं, जिससे परिसर में हिंसा की आशंका बनी हुई है। ऑटो चालकों ने भी बताया कि गेट के अंदर जाने पर 30 रुपये अलग से देने पड़ते हैं, इसलिए वे भाड़ा बढ़ाने को मजबूर हैं। इससे मरीजों और चालकों के बीच झगड़े हो रहे हैं। इस पूरे मामले पर एम्स के जनसंपर्क अधिकारी मृत्युंजय राठौर ने कहा कि वाहनों की अधिकता से अव्यवस्था फैल रही थी, जिसे रोकने के लिए ठेका दिया गया है। हालांकि, उन्होंने ठेकेदार की पृष्ठभूमि पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

सजा बाजार



करवा चौथ के लिए खरीदारी से बाजार में रौनक बढ़ी।दुकानों में महिलाओं की भीड़ रही।

## एक नजर

### 107 नग डक्सल आयर पाइप पार, चार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** माना सामुदायिक स्वास्थय केंद्र के सामने रखे 107 नग डक्सल आयर पाईप को चार युवक चोरी कर ले गए। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विपुल सिंह ठाकुर 35 वर्ष अवंतिविहार कालोनी खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने माना थाना में शिकायत किया कि माना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने मिशन अमृत के तहत डक्सल आयर पाईप रखा गया था। जिसे आरोपी संजय कुमार नागले 39 वर्ष, राजकुमार, सुरेन्द्र सागर, संजू चणोत्रे ने 107 नग पाईप को पार कर दिया। मामले में माना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शराब दुकान से नकदी सहित हजारों रुपए की मदिरा पार

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** पुलिस लाइन गेट स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पीछे गेट का ताला



तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 3 हजार सहित 46 हजार से अधिक का शराब पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल कुमार साहू 28 वर्ष श्रीराम नगर चंगोराभाठा का रहने वाला है। प्रार्थी ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने पुलिस लाइन गेट स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पीछे गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और नकदी 3 हजार सहित 46480 रुपए का अंग्रेजी शराब पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 49680 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कैंसर पेशेंट फ्लाइट में बेहोश होकर सीट से गिरा, रायपुर में इमरजेंसी लैंडिंग, अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर से मुंबई जा रही इंडिगो की फ्लाइट में गुरुवार (9 अक्टूबर) को एक यात्री अचानक बेहोश होकर सीट पर गिर पड़ा। इसके फ्लाइट क्रू ने तुरंत इमरजेंसी प्रोटोकॉल अपनाते हुए विमान की रायपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई। जानकारी के मुताबिक, दोपहर 3 बजे फ्लाइट लैंड होते ही एयरपोर्ट की मेडिकल टीम ने बेहोश युवक को तत्काल माना सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक ब्लड कैंसर का मरीज था। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के वर्धमान के रहने वाले गौतम बावरी (उम्र लगभग 24ङ्क25 साल) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, वह लंबे समय से ब्लड कैंसर से पीड़ित था और इलाज के लिए टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई जा रहा था। हालांकि कि एयरपोर्ट ऑथोरिटी की ओर से अब इस मामले कोई आधिकारिक प्रेस रिलीज या बयान जारी नहीं किया गया है।

## महिला आयोग अध्यक्ष के पीए ने की शिकायत, सदस्यों ने धमकी दी

# हमारी सरकार है, हमारे हिसाब से काम करो, वरना नक्सली क्षेत्र भेज देंगे

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग एक बार फिर विवादों में घिरता नजर आ रहा है। अब खुद आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के निज सहायक (पीए) ने आयोग की तीन महिला सदस्यों पर झूठे आरोपों में फंसाने, धमकाने और बदनाम करने की साजिश का आरोप लगाया है।

इस पूरे विवाद को लेकर अध्यक्ष और सचिव को लिखे शिकायत पत्र में पीए अभय सिंह ने चौंकाने वाले दावे किए हैं। उन्होंने सदस्यों पर न सिर्फ व्यक्तिगत दुर्व्यवहार, बल्कि आयोग के अंदर राजनीतिक दबाव और पक्षपातपूर्ण कार्यशैली का भी आरोप लगाया है।

**शिकायत पत्र में ये कहा गया:** डॉ. नायक के पीए का कहना है कि वह पिछले 3 सालों से आयोग में कार्यरत हैं, लेकिन आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया और दीपिका शोरी द्वारा उन्हें बार-बार अपमानित किया गया और कहा गया- 'दो कौड़ी के आदमी हो, हमारी सरकार है, झूठे केस में फंसा देंगे।' उन्होंने दावा किया कि जब उन्होंने सदस्यों के इशारों पर काम करने से इनकार किया, तो उन्हें फंसाने की कोशिशें शुरू हो गईं।

**25 हजार रुपए घूस लेने के आरोप को षड्यंत्र बताया:** शिकायत के मुताबिक, तीनों सदस्यों ने आरोप लगाया कि पीए ने बेमेतरा की दो महिलाओं से 25 हजार रुपए लिए। पीए का कहना है कि यह पूरा आरोप फर्जी है, और आवेदिकाओं की स्नढ्ढक्रया शिकायत आयोग में कभी दर्ज ही नहीं हुई।

उन्होंने दावा किया कि इन आवेदिकाओं के फर्जी हस्ताक्षर कर आरटीआई फाइल की गई, जो आयोग के पूर्व कर्मचारी राघवेंद्र साहू द्वारा तैयार की गई थी और यह सब सदस्य लक्ष्मी वर्मा के कहने पर हुआ।

**आरटीआई से निकाले फर्जी दस्तावेज, अध्यक्ष को बदनाम करने की कोशिश :** शिकायत में दावा किया गया है कि आरटीआई के जरिए फर्जी दस्तावेज निकालकर एक वकील और पत्रकार को सौंपे गए, जिसमें महिला आयोग अध्यक्ष के खिलाफ गलत बयान दर्ज थे। जब यह बात आवेदिकाओं तक पहुंची, तो उन्होंने शपथपत्र देकर कहा कि उन्होंने कोई शिकायत नहीं की और न ही किसी को अधिकृत किया था।

**सदस्यों पर कई कर्मचारियों को धमकाने का भी आरोप:** पीए ने यह भी कहा कि आयोग में कई शासकीय और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी तीनों सदस्यों के डर और दबाव में काम कर रहे हैं। यहां तक कि सचिव को भी खुलेआम धमकाया गया कि 'हमारी सरकार है, हमारे हिसाब से काम करो, वरना नक्सली क्षेत्र भेज देंगे।' दरअसल इसके अलावा फेसबुक लाइव आकर भी अभय सिंह ने आरोप लगाए हैं।



### 'भाजपा नेताओं को बचाने आयोग का दुरुपयोग कर रही सदस्याएं'

पीए का आरोप है कि यदि कोई केस भाजपा नेताओं से जुड़ा होता है, तो ये सदस्य उसे दबाने की कोशिश करती हैं। उन्होंने कोरबा की चिटफंड कंपनी, नारायणपुर की ज़मीन हड़पने की घटना और रायगढ़ की सुनवाई से जुड़े कई उदाहरण दिए, जहां कथित तौर पर सदस्यों ने पीड़ितों की जगह दोषियों का पक्ष लिया। पीए ने शिकायत में लिखा कि 'मैं ईमानदारी से काम कर रहा हूं, इसलिए टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने कहा, महिला आयोग को राजनीतिक अखाड़ा बना दिया गया है।'

### ये है विवाद

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में भाजपा सरकार बनने के बाद नियुक्त हुईं 3 सदस्य लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया और दीपिका सोरी ने आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक और सचिव अभय सोनवानी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सदस्यों का कहना है कि आयोग में नियमों का पालन नहीं हो रहा और अध्यक्ष पूरे आयोग को 'एकतरफा ढंग' से चला रही हैं।

**अध्यक्ष पर एकतरफा फैसले लेने का आरोप :** तीनों सदस्यों ने प्रेसवार्ता कर बताया कि आयोग में किसी भी सुनवाई या निर्णय में उन्हें शामिल नहीं किया जाता। 'अध्यक्ष अकेले ही अंतिम निर्णय लेती हैं, जबकि नियम के अनुसार दो सदस्यों की सहमति आवश्यक होती है।' उन्होंने कहा कि सुनवाई के दौरान अनधिकृत लोग, यहां तक कि अध्यक्ष के पति और निजी वकील भी मौजूद रहते हैं, जो पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करता है।

**'कोर्ट जाएंगे, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को देंगे जानकारी' :** सदस्यों ने घोषणा की है कि वे इस मामले को लेकर कोर्ट जाएंगे और पूरे प्रकरण की जानकारी विधि विभाग, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आयोग की कार्यप्रणाली लोकतांत्रिक भावना के विपरीत चल रही है।

**सचिव पर तटस्थता खोने का आरोप:** सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि आयोग के सचिव अभय सोनवानी किसी भी सवाल का जवाब नहीं देते। सरला कोसरिया ने कहा कि जब हम आय-व्यय और कार्य संबंधी जानकारी मांगते हैं, तो सचिव जवाब देने से बचते हैं। ऐसा लगता है जैसे वे अध्यक्ष के प्रति जवाबदेह हैं, आयोग के प्रति नहीं।

**भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोप:** सदस्यों ने कहा कि अध्यक्ष भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और आयोग को अपने निजी अधिकार क्षेत्र की तरह चला रही हैं। लक्ष्मी वर्मा, जो संभाग की प्रभारी हैं, ने कहा कि उन्हें किसी भी संभागीय सुनवाई की जानकारी तक नहीं दी जाती। इसी कारण तीनों सदस्यों ने बुधवार (8 अक्टूबर) को सुनवाई का बहिष्कार किया।

# तेलीबांधा सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

■ दुर्घटना में दो गंभीर रूप से घायल



**रायपुर, 10 अक्टूबर।** राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में देर रात दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। यह हादसा रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच का बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन युवक इलेक्ट्रिक स्कूटर (सीजी-04 एनडब्ल्यू-3417) में सवार होकर शहर के भीतर घूमने निकले थे। तेज रफ्तार और असंतुलन के कारण स्कूटर अचानक सड़क किनारे खड़े टाटा एस वाहन से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सवार तीनों युवक सड़क पर जा गिरे।

हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान महेश यादव, स्थायी निवासी कटोरा तालाब, के रूप में हुई है। महेश पेशे से एक पैथोलॉजी लैब टेक्नीशियन थे और जैकलिन पैथोलॉजी लैब में कार्यरत थे। हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। तेलीबांधा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल मेकहारा अस्पताल रवाना किया गया। वहीं मृतक के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए मेकहारा के चीरघर भेजा गया है।

घायलों की पहचान यश शर्मा और रूपेश साहू के रूप में हुई है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है और उनका इलाज मेकहारा में जारी है। हादसे की भीषणता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्कूटर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जबकि टाटा एस के पीछे का हिस्सा भी बुरी तरह दब गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के समय सड़क पर अधिक भीड़भाड़ नहीं थी, जिससे संभवतः स्कूटर चालक ने रफ्तार पर नियंत्रण खो दिया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और आगे की जांच में जुट गई है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि स्कूटर तेज गति में था और असंतुलन की वजह से यह हादसा हुआ।

तेलीबांधा थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। हादसे के सही कारणों का पता लगाने के लिए ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज की जांच की जा रही है। आसपास के लोगों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। महेश यादव के सहयोगी और परिचितों ने बताया कि वह एक शांत और जिम्मेदार व्यक्ति थे। रात के समय किसी निजी काम से निकले थे, लेकिन किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रदेश में अब तक 1199.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में अब तक 1199.3 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक दंतेवाड़ा जिले में सर्वाधिक 1619.1 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 549.0 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 1139.0 मि.मी., बलौदाबाजार में 990.9 मि.मी., गरियाबंद में 1213.6 मि.मी., महासमुंद में 1044.6 मि.मी. और धमतरी में 1142.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 1197.3 मि.मी., मुंगेली में 1170.9 मि.मी., रायगढ़ में 1392.3 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 1103.9 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1398.1 मि.मी., सक्ती में 1270.3 मि.मी., कोरबा में 1177.1 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 1104.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 935.9 मि.मी., कबीरधाम में 873.7 मि.मी., राजनांदगांव में 1005.0 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1458.2 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 897.1 मि.मी. और बालोद में 1291.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 798.3 मि.मी., सूरजपुर में 1174.0 मि.मी., बलरामपुर में 1578.4 मि.मी., जशपुर में 1099.3 मि.मी., कोरिया में 1244.6 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1132.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

# रायपुर के किसी भी मंदिर से नहीं लिया जाएगा टैक्स

■ ब्राम्हणपारा के मंदिर में नोटिस देने वाले कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई, महापौर चौबे ने मांगा स्पष्टीकरण

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** रायपुर नगर निगम ने साफकर दिया है कि शहर के किसी भी मंदिर से अब संपत्तिकर नहीं लिया जाएगा। महापौर मीनल चौबे ने कहा है कि निगम क्षेत्र के किसी भी जोन या वार्ड में स्थित मंदिरों पर प्रॉपर्टी टैक्स लागू नहीं होगा। इसके बावजूद जोन-4 के अंतर्गत ब्राम्हणपारा वार्ड क्रमांक 43 स्थित सोहागा मंदिर में संपत्तिकर नोटिस देने पहुंचे निगम कर्मचारियों मोहर्रिर सुशात और



अमर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। दोनों से तीन दिन के अंदर लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है।

**महापौर ने जताई नाराजगी:** मीनल चौबे ने इस मामले को गंभीर लापरवाही बताते हुए गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नियमानुसार मंदिरों को टैक्स नोटिस नहीं दिया जाना चाहिए। भविष्य में ऐसी गलती दोहराई गई तो संबंधित कर्मचारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## सेजबहार में अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** राजधानी रायपुर के सेजबहार में अवैध प्लाटिंग पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार (9 अक्टूबर) को टीम प्रहरी ने कार्रवाई करते हुए लगभग 10 एकड़ भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को हटाया गया है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर यह एक्शन लिया गया है। जिला प्रशासन की निगरानी में मौके पर बनी बाउंड्रीवाल, प्लिंथ और सड़क मार्ग को तोड़ा गया और अवैध निर्माण को हटाया गया। रायपुर एसडीएम नंदकुमार चौबे के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम



और नगर निगम की टीम प्रहरी ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। जिसका उद्देश्य अवैध भूमि विक्रय और बेजा कब्जे पर नियंत्रण रखना और नियमानुसार भू-उपयोग सुनिश्चित करना था।

**साइबर जाल** | ऑनलाइन टास्क खिलाने के नाम पर स्टूडेंट से ठगी, प्रदेश में हर 20 मिनट में हो रही है घटना

# 3 बार पैसे दिए और फिर किश्तों ट्रांसफर कराए 1 लाख 60 हजार

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** नेट परीक्षा की तैयारी कर रहे स्टूडेंट राहुल साहू को ऑनलाइन टास्क में पैसे कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने 1 लाख 60 हजार की चपत लगा दी। स्टूडेंट में साइबर ठग की बातों के अनुसार उसके खाते में पैसा ट्रांसफर किया और रिफंड वापस ना मिलने पर आजाद चौक थाना पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच में लिया है। आजाद चौक थाना प्रभारी ने केस में एफआईआर दर्ज करने और जांच की पुष्टि की है।

**इस तरह हुई पीड़ित के साथ ठगी:** पुरानी बस्ती निवासी शिकायतकर्ता राहुल साहू ने पुलिस को बताया, कि 6 अक्टूबर से 8 अक्टूबर के बीच आरोपी साइबर ठग ने उससे संपर्क किया। टास्क में रेटिंग देने के नाम पर उससे चार किश्तों में पैसा ट्रांसफर कराया। ठग ने राहुल से संपर्क करने के लिए टेलीग्राम चैनल का इस्तेमाल किया।

**छत्तीसगढ़ में हर 20 मिनट में साइबर ठगी:** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2023 से जून 2025 के बीच छत्तीसगढ़ में साइबर ठगी के 67 हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में नागरिकों को कुल 791 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि राज्य में औसतन हर 20 मिनट में साइबर फ्रॉड का एक नया मामला दर्ज हो रहा है। अकेले साल 2024 में ही 31 हजार से ज्यादा शिकायतें सामने आईं, जिनमें लोगों से 200 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई। वहीं, जनवरी 2024 से जुलाई 2025 तक के 18 महीनों में 1,301 मामलों में करीब 107 करोड़ रुपये का नुकसान दर्ज किया गया है।

**दुर्ग और बिलासपुर भी साइबर ठगी के हॉटस्पॉट:** रायपुर के बाद दुर्ग और बिलासपुर जिले भी साइबर अपराधों से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में शामिल हैं। चिंताजनक बात यह है कि हजारों शिकायतों और भारी आर्थिक नुकसान के बावजूद अब तक सिर्फ 107 पीड़ितों को ही उनका पैसा वापस मिल पाया है। बैंकिंग फ्रॉड से जुड़े मामलों में अब तक महज तीन गिरफ्तारियां और सात सजा के मामले दर्ज हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बड़ी संख्या में दर्ज शिकायतों का मतलब यह है कि ठगों ने धोखाधड़ी की नीयत से कॉल या संपर्क तो किया, भले ठगी हर बार सफल न हुई हो।



### त्योहारों के मौसम में बढ़ा खतरा

त्योहारों के समय साइबर ठगी में वृद्धि का खतरा ज्यादा होता है। इस दौरान धोखेबाज फर्जी ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल, नकली यात्रा पैकेज और अविश्वसनीय ई-कॉमर्स ऑफर के जरिए लोगों को अपने जाल में फंसा सकते हैं। ऑनलाइन खरीदारी और टिकट बुकिंग बढ़ने के कारण अपराधी नकली वेबसाइट, हानिकारक लिंक और फर्जी यूपीआई पेमेंट अनुरोध के जरिए बैंकिंग जानकारी और खाते से पैसा चुरा सकते हैं।

### अपराधियों के निशाने पर छत्तीसगढ़िया

पुलिस और साइबर सेल की जांच में सामने आया है कि बिहार, झारखंड, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों के साइबर गैंग बीमा, नौकरी और लोन के नाम पर लोगों को ठग रहे हैं। वहीं, राजस्थान के गिरोह सेक्सटॉर्शन जैसे मामलों में छत्तीसगढ़ के लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। यानी साफहै कि राज्य अब देशभर के साइबर अपराधियों के लिए 'सॉफ्ट टारगेट' बन चुका है।

## एवरग्रीन चौक शास्त्री बाजार मार्ग को नगर निगम ने करवाया कब्जामुक्त

**रायपुर, 10 अक्टूबर।** टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार चलाये जाने वाले अभियान के अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र जोन क्रमांक 4 अतर्गत गोलबाजार एंट्री मुख्य मार्ग आर. एस. शुक्ला मार्ग से चिकनी मंदिर मालवीय रोड होकर जवाहर बाजार होते हुए एवरग्रीन चौक शास्त्री बाजार मुख्य मार्ग तक जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिकों को मुख्य बाजार क्षेत्र मार्गो में सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने अभियान नगर निगम के नगर निवेशक आभाष मिश्रा और नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के मार्गदर्शन उप अभियंता नगर निवेश हिमांशु चंद्राकर की उपस्थिति में चलाया गया। नगर निगम जोन 4 नगर निवेश विभाग की टीम और निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता की टीम द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए आरएस शुक्ला मार्ग में मुख्य मार्ग एंट्री पाइंट गोलबाजार मार्ग के दोनो ओर और जवाहर बाजार मार्ग होकर एवर ग्रीन चौक शास्त्री बाजार मार्ग तक लगभग 15 अवैध ठेलों के कब्जे को हटाया गया और मार्ग के किनारे लगभग 10 पसरा व्यापारियो द्वारा सडक पर कब्जा जमाकर रखे गये सामानों को व्यवस्था सुधारने नियमानुसार कडाई के साथ जप्त कर लिया गया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26